दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 192 | सीकर, शुक्रवार 11 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों के लिए वोटिंग आज

### 723 उम्मीदवार मैदान में, 24.33 लाख से ज्यादा वोटर्स तय करेंगे रिजल्ट; 2256 बूथों पर होगा मतदान

जयपुर।

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों के लिए कल वोटिंग होगी। इन वार्डों में कुल 723 प्रत्याशी मैदान में है, जिनके जीत-हार का फैसला कल 24.33 लाख से ज्यादा वोटर्स करेंगे। जयपुर में वोटिंग के लिए जिला निर्वाचन शाखा ने 2256 पोलिंग स्टेशन बनाए है। चुनाव के रिजल्ट 14 सितंबर को आएंगे। मेयर पद के लिए चुनाव 21 सितंबर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव 22 सितंबर को होंगे। जयपुर के 150 वार्डों में प्रत्याशियों की स्थिति देखे तो प्रमुख पार्टी बीजेपी और कांग्रेस दोनों से 149-149 प्रत्याशी मैदान में है, जबकि शेष 425 प्रत्याशी निर्दलीय या किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रिय पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे है।

**इन वार्डो में सीधी टक्कर**-वार्ड नंबर 41, 42, 45, 49, 52, 53, 60, 83, 90, 91, 94, 122, 123, 129, 131, 142 और 150 ऐसे हैं, जहां केवल 2-2 प्रत्याशी ही हैं। जिनके बीच सीधी टक्कर है। जबकि 35 वार्ड ऐसे भी हैं, जहां त्रिकोणिय मुकाबला देखने को मिल सकता है। इन 35 वार्डों में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या 3-3 है। वहीं वार्ड नं. 62 में सबसे ज्यादा प्रत्याशी मैदान में है, यहां 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है।

## लम्पी स्किन रोग के प्रति राज्य सरकार पूरी तरह से सजग : सीएम



जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार लम्पी रोग के प्रति पूरी तरह सजग एवं सतर्क है तथा सरकार द्वारा समयबद्ध रूप से की गई तैयारियों के फलस्वरूप स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता ही पशुओं में लम्पी रोग से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। ऐसे में प्रभावित क्षेत्रों में रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के उपायों की जानकारी देने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाए, ताकि पशुपालक पैनिक में न आएं और समय पर आवश्यक सावधानियां बरतें। मुख्यमंत्री गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर लम्पी स्किन रोग की स्थिति एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए किए जा रहे उपायों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रभावी एवं समन्वित प्रयास किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के कुछ जिलों में ही लम्पी रोग के मामले सामने आए हैं, पूरे प्रदेश में नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में टीकाकरण अभियान को और तेज करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में रोग प्रतिरोधक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, गोशालाओं एवं अन्य स्थानों पर संक्रमित पशुओं को आइसोलेट करने तथा आवश्यक सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को क्षेत्र में निरंतर निगरानी के लिए पाबंद करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को आवश्यक सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए तथा रोग की रोकथाम के लिए विभागीय स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जाए।

## राहुल बोले- पहचान के आधार पर हमला भी त्रासदी

### मणिपुरी संगीतकार को श्रद्धांजलि दी; दिल्ली में 4 दिन पहले 6 लोगों ने घर में घुसकर मार डाला था

नई दिल्ली।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मणिपुर के दिवंगत संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, 'विक्रम को सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वे मणिपुर से आते थे। एक युवा की हत्या अपने आप में बड़ी त्रासदी है। इसके साथ ही किसी व्यक्ति पर उसकी पहचान और वह किस जगह से आया है, इस आधार पर हमला होना भी चिंता की बात है।' दिल्ली 6 सितंबर को 54 साल के मणिपुर मूल के संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

नवयत्न | कोबरी पोस्ट




# निकाय चुनाव : झुंझुनूं में दूसरे चरण की वोटिंग आज

## 1.87 लाख मतदाता चुनेंगे प्रतिनिधि

## 10 निकायों के 277 वार्डों में 281 बूथों पर होगा मतदान, मैदान में 1,213 प्रत्याशी




अशोक राईका

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के दूसरे चरण में शुक्रवार, 11 सितंबर को जिले की 10 नगरपालिकाओं में मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इस चरण में 277 वार्डों के लिए 281 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर 1,87,264 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 97,720 पुरुष और 89,544 महिला मतदाता हैं। चुनाव में कुल 1,213 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मतदाताओं से निर्धारित समय में मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई है।

### चिड़ावा में सबसे ज्यादा मतदाता

दूसरे चरण में सबसे ज्यादा मतदाता चिड़ावा नगरपालिका में हैं। यहां 45 वार्डों के लिए 48 मतदान बूथ बनाए गए हैं। कुल 46,049 मतदाताओं में 24,033 पुरुष और 22,016 महिलाएं हैं। यहां 209 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### पिलानी में 24 हजार से ज्यादा मतदाता

पिलानी के 35 वार्डों के लिए 36 बूथ बनाए गए हैं। यहां 24,034 मतदाता हैं, जिनमें 12,413 पुरुष और 11,621 महिला मतदाता हैं। कुल 177 प्रत्याशी मैदान में हैं। सिंघाना में 35 वार्डों के लिए 35 बूथ बनाए गए हैं। यहां 20,630 मतदाता और 221 प्रत्याशी हैं। मंडावा में 25 वार्डों के लिए 25 बूथों पर 19,636 मतदाता वोट डालेंगे। यहां 63 प्रत्याशी मैदान में हैं। बिसाऊ में 23 वार्डों के लिए 23 बूथ बनाए गए हैं। यहां 19,604 मतदाता और 75 प्रत्याशी हैं।

### विद्याविहार में 8,254 मतदाता

पिलानी विद्याविहार के 25 वार्डों में 25 बूथ बनाए गए हैं। यहां 8,254 मतदाता हैं, जिनमें 4,193 पुरुष और 4,061 महिला मतदाता हैं। कुल 88 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### सूरजगढ़ में 17,619 मतदाता

सूरजगढ़ के 25 वार्डों में 25 मतदान बूथ बनाए गए हैं। यहां 17,619 मतदाता हैं, जिनमें 9,094 पुरुष और 8,525 महिलाएं हैं। चुनाव में 119 प्रत्याशी मैदान में हैं।

मंड्रेला के 24 वार्डों के लिए 24 बूथ निर्धारित किए गए हैं। यहां 11,619 मतदाता और 83 प्रत्याशी हैं। मलसीसर में 20 वार्डों के लिए 20 बूथ बनाए गए हैं। यहां 11,691 मतदाता और 89 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### बुहाना में पहली बार अध्यक्ष और पार्षद चुनेंगे

बुहाना नगरपालिका के 20 वार्डों में 20 मतदान बूथ बनाए गए हैं। यहां 8,128 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 4,250 पुरुष और 3,878 महिला मतदाता हैं। बुहाना में अध्यक्ष और पार्षद पद के चुनाव को लेकर भी मतदाताओं में खासा उत्साह है। यहां 89 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### विद्याविहार में 8,254 मतदाता

पिलानी विद्याविहार के 25 वार्डों में 25 बूथ बनाए गए हैं। यहां 8,254 मतदाता हैं, जिनमें 4,193 पुरुष और 4,061 महिला मतदाता हैं। कुल 88 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### सिंघाना : 221 प्रत्याशी, किसके सिर सजेगा ताज ?

35 वार्डों के लिए 35 मतदान बूथ बनाए गए हैं। यहां 20,630 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 10,928 पुरुष और 9,702 महिला मतदाता हैं। सिंघाना में दूसरे चरण में सबसे ज्यादा 221 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**मंडावा : 19,636 मतदाता तय करेंगे शहर की नई सरकार**

25 वार्डों में 25 मतदान बूथ बनाए गए हैं। यहां 19,636 मतदाता अपने प्रतिनिधि चुनेंगे। इनमें 10,226 पुरुष और 9,410 महिला मतदाता हैं। कुल 63 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**बिसाऊ : 23 वार्डों में 75 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर**

23 वार्डों के लिए 23 मतदान बूथ बनाए गए हैं। यहां 19,604 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 10,214 पुरुष और 9,390 महिला मतदाता हैं। कुल 75 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

**मलसीसर : 20 वार्डों में 89 प्रत्याशियों की परीक्षा**

20 वार्डों के लिए 20 मतदान बूथ बनाए गए हैं। यहां 11,691 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 6,096 पुरुष और 5,595 महिला मतदाता हैं। कुल 89 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

### मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अरुण गर्ग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे शुक्रवार को निर्धारित समय में मतदान केंद्र पहुंचकर बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के मतदान करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मतदाता अपने मत का प्रयोग कर शहर की सरकार चुनने में अपनी भूमिका निभाएं।

## ट्रम्प बोले-मिडटर्म चुनाव जीता तो हर वोटर को 5 लाख

### इस पर 128 लाख करोड़ खर्च करने होंगे, यह पाकिस्तान की इकोनॉमी का 3 गुना

वॉशिंगटन।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नवंबर के मिडटर्म चुनाव में अगर रिपब्लिकन पार्टी प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों में बहुमत बरकरार रखती है, तो हर बालिग अमेरिकी को 5000 डॉलर (करीब 4.76 लाख रुपए) दिए जाएंगे। ट्रम्प ने यह बयान डलास में रिपब्लिकन कन्वेंशन को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने इसे 'ट्रम्प डिविडेंड' नाम दिया और कहा कि यह अमेरिका की 'आर्थिक ताकत और सफलता' की वजह से दिया जाएगा।

ट्रम्प ने ये भी कहा कि डिविडेंड की रकम अमेरिका में ही खर्च करनी होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा, भुगतान का दायरा क्या होगा और रकम किस तरह बांटी जाएगी। अमेरिका में




करीब 26.98 करोड़ वयस्क हैं। अगर सभी को 5,000 डॉलर दिए जाएं तो कुल खर्च करीब 1.35 ट्रिलियन डॉलर यानी 128.25 लाख करोड़ रुपए होगा। यह रकम दुनिया के करीब 162 देशों की इकोनॉमी से ज्यादा है। विश्व बैंक के 2025 के आंकड़े के मुताबिक इससे ज्यादा सिर्फ 19 देशों की जीडीपी है। यहां तक की यह पाकिस्तान की पूरी अर्थव्यवस्था से करीब 3.3 गुना ज्यादा है। पाकिस्तान की जीडीपी करीब 407.3 अरब डॉलर यानी ?38.69 लाख करोड़ है।

## जेडीए ने कहा-गोपालपुरा पर नियमों के विपरीत चल रही कोचिंग

## सुप्रीम कोर्ट में कहा- 44 कोचिंग सील; कोचिंग महासंघ ने कहा- कोचिंग हब में सरकार रेट कम करें

जयपुर।

जयपुर के गोपालपुरा बाइपास पर चल रहे कोचिंग इंस्टीट्यूट को लेकर जेडीए ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को पालना रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में जेडीए ने माना कि गोपालपुरा बाइपास पर संचालित हो रही कोचिंग नियमों के विपरीत हैं। हमने 116 कोचिंग और लाइब्रेरी को नोटिस जारी किए हैं। अभी तक हम 44 कोचिंग और लाइब्रेरी को सील कर चुके हैं। जेडीए ने सुप्रीम कोर्ट से आगे की कार्रवाई के लिए समय भी मांगा। वहीं ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ ने भी सुप्रीम कोर्ट में पार्टी बनने के लिए प्रार्थना पत्र लगाते हुए कहा- हम प्रताप नगर में कोचिंग हब में जाने को तैयार हैं, लेकिन सरकार कोचिंग हब की रेट कम करें। दरअसल, 10बी विकास समिति ने सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र लगाकर गोपालपुरा बाइपास से कोचिंग इंस्टीट्यूट शिफ्ट करने की मांग की है। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को जेडीए से जवाब मांगा था।

### जयपुर में भी दिल्ली जैसे हादसे की आशंका

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को दिल्ली में हुए हॉस्टल हादसे के बाद सुनवाई कर रही थी। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता आरडी रस्तोगी ने कहा- जयपुर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी जेडीए ने केवल दिखावटी कार्रवाई की है।

जेडीसी द्वारा पेश शपथ पत्र में कोचिंग इंस्टीट्यूट को अवैध माना गया है, लेकिन आज भी वहां धड़ल्ले से बड़े कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं। इनके कारण रिहायशी कॉलोनियों में हॉस्टल,



पीजी इत्यादि चल रहे हैं। जहां कभी भी दिल्ली जैसा हादसा हो सकता है।

### लॉटरी से करें आवंटन

ऑल कोचिंग इंस्टीट्यूट महासंघ ने सुप्रीम कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश करके पार्टी बनाने की मांग की। प्रार्थना पत्र में महासंघ ने कहा- सरकार प्रताप नगर कोचिंग हब में ई-ऑक्शन कर रही हैं। जबकि कोचिंग हब कोचिंग इंस्टीट्यूट के लिए ही बनाया गया था। ऐसे में सरकार हमें लॉटरी के माध्यम से जगह का आवंटन करें और तय रेट में कमी करें। अब सुप्रीम कोर्ट 15 सितंबर को मामले की सुनवाई करेगा।

# भारत मंडपम में तैयारी पूरी

## ब्रिक्स समिट 2026 की मेजबानी करने को तैयार

नई दिल्ली

भारत 12-13 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में ब्रिक्स समिट 2026 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसलिए राष्ट्रीय राजधानी को पोस्टरों और रोशनी वाली सजावटों से सजाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस हाई-प्रोफाइल समिट की मेज़बानी करेंगे, जिसमें सदस्य देशों, सहयोगी देशों और आउटरीच के तहत आमंत्रित देशों के राष्ट्राध्यक्ष, विदेशी प्रतिनिधि, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख और अहम हस्तियां शामिल होंगी। इस वर्ष ब्रिक्स सम्मेलन की अध्यक्षता भारत कर रहा है। जिसकी कार्यवाही ऑफिशियल थीम 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' पर आधारित होगी। यह गठबंधन, ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन के ब्रिक्स समूह के तौर पर अपनी शुरुआत के बाद से काफ़ी बदल चुका है। इस समूह ने 2006 में न्यूयॉर्क में हृ जनरल असेंबली के दौरान अपने विदेश मंत्रियों की पहली बैठक की थी और 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। 2011 में दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने के बाद यह समूह ब्रिक्स बन गया और बाद में जनवरी 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और॒श्च को पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल करके इसका बड़ा विस्तार हुआ, जिसके बाद जनवरी 2025 में इंडोनेशिया भी इसमें शामिल हुआ। वर्तमान में 11 पूर्ण सदस्य देशों और पार्टनर देशों की बढ़ती संख्या के साथ, इस गठबंधन का दुनिया भर में काफ़ी आर्थिक और कूटनीतिक प्रभाव है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। यह दिसंबर 2025 में नई दिल्ली में हुई सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक के बाद एक साल से भी कम समय में उनकी भारत की दूसरी यात्रा होगी। 31 अगस्त को बिश्केक में स्ष्टह्र शिखर सम्मेलन के दौरान जब दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी, तब पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को व्यक्तिगत रूप से फिर से निमंत्रण दिया था।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी इसमें शामिल होंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, जिनपिंग 12,13 सितंबर को भारत में रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की उम्मीद है। इस समिट में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली शमिल हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको, कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल भी इसमें हिस्सा लेंगे।




## बीजिंग की मुहर: पीएम मोदी के निमंत्रण पर दिल्ली आएंगे राष्ट्रपति शी जिनपिंग

चीनी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को पुष्टि की कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12 से 13 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस बड़े बहुपक्षीय सम्मेलन के दौरान भारत और चीन के बीच होने वाली बातचीत पर सबकी नज़रें टिकी होंगी। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर शिखर सम्मेलन के लिए भारत आएंगे। बयान में कहा गया, भारत गणराज्य के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12 से 13 सितंबर तक नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह पुष्टि बीजिंग की तरफ से समिट में शामिल होने को लेकर हफ़्तों से चल रही अटकलों और नई दिल्ली व बीजिंग के बीच फिर से शुरू हुई कूटनीतिक बातचीत के संकेतों के बीच आई है।

# गणेशोत्सव में सजेगा जयपुर : मंदिरों में गूंजेंगे गणपति बप्पा के जयकारे

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रथम पूज्य गणेशजी के जन्मोत्सव को लेकर जयपुर के प्रमुख गणेश मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 13 से 15 सितंबर तक शहर में गणेश जन्मोत्सव, सिंजारा, विशेष श्रृंगार, धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और शोभायात्राओं के आयोजन होंगे। ब्रह्मपुरी स्थित ऐतिहासिक श्री गढ़ गणेश मंदिर, मोतीडूंगरी गणेश मंदिर, चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर, दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर और सूरजपोल बाजार स्थित श्री श्वेत सिद्धिविनायक गणेश मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। मंदिरों में फूलों, लाइटिंग और आकर्षक सजावट के साथ विशेष झांकियां सजाई जाएंगी।

## गढ़ गणेश में 13 से 15 सितंबर तक जन्मोत्सव

ब्रह्मपुरी स्थित ऐतिहासिक श्री गढ़ गणेश मंदिर में महंत प्रदीप औदीच्य के सान्निध्य में तीन दिवसीय श्री महा गणपति जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों में महेश मेहता, गौरव मेहता और आनंद मेहता जुटे हैं। 13 सितंबर को सिंजारा महोत्सव के तहत गणपति को मेहंदी अर्पित की जाएगी। भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराए जाएंगे तथा गुड़धानी और डंके अर्पित किए जाएंगे। शाम 4 से रात 8 बजे तक श्रद्धालुओं को मेहंदी वितरित की जाएगी। 14 सितंबर को गणेश जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 4 बजे पंचामृत अभिषेक के बाद पत्र-पुष्प माला से विशेष श्रृंगार होगा। मंदिर की विशेष परंपरा के अनुसार इस दिन गणपति को वस्त्र धारण नहीं कराए जाते, क्योंकि यहां भगवान के बाल स्वरूप के दर्शन होते हैं। सुबह 5 बजे मंगला आरती के साथ सहस्त्र दुर्वाचन एवं सहस्त्र मोदक अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे भोग आरती के बाद सहस्त्र नामावली से हवन होगा। शाम 7 बजे संध्या आरती और रात 12 बजे शयन आरती होगी। 15 सितंबर को परंपरागत मेला होगा। सुबह अभिषेक एवं नवीन वस्त्र धारण कराने के बाद 5 बजे मंगला आरती और दोपहर 12 बजे भोग आरती होगी। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने के बाद शयन आरती की जाएगी।

## श्री नहर के गणेशजी में दो दिन चौला-श्रृंगार

श्री नहर के गणेशजी महाराज मंदिर में 11 और 12 सितंबर को शुभ वेला में ध्वज स्थापना कर गजानंदजी महाराज का चौला एवं विशेष श्रृंगार महंत परिवार की ओर से किया जाएगा। इस दौरान दो दिन मुख्य मंदिर के पट मंगल रहेंगे। बाहर स्थित जगमोहन में गणेशजी के चित्र विराजित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर की परंपरा के अनुसार यहां गणपति वर्षभर श्रृंगारित स्वरूप में विराजमान रहते हैं। इसलिए वर्ष में एक बार संपूर्ण चौला किया जाता है। विशिष्ट पन्नियों से वस्त्र एवं आभूषण तैयार कर महंत परिवार भगवान का पुनः श्रृंगार करता है। परंपरा के अनुसार बिना वस्त्राभूषण श्रृंगार के गणपति के दर्शन का विधान नहीं है। 13 सितंबर को शाम 5 बजे नवीन श्रृंगार और असंख्य मोदकों की झांकी के साथ सिंजारा उत्सव शुरू होगा। गणपतिजी को विशेष लहरिए की पौशाक और साफा धारण कराया जाएगा। शाम साढ़े 5 बजे से प्रेम भाया मंडल की ओर से भजन-कीर्तन होगा। गणपति को अर्पित मेहंदी और नए चौले से प्राप्त सुख-समृद्धिदायक सिंदूर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद स्वरूप वितरित किया जाएगा। मान्यता है कि इसे प्राप्त करने से मांगलिक कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

## बंगाली बाबा मंदिर में मेहंदी और भजन संध्या

दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर में 13 और 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी महोत्सव होगा। मंदिर प्रबंध समिति के मुख्य संरक्षक रघुवीर शरण अग्रवाल, अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल और उपाध्यक्ष संजय पतंग वाला के अनुसार 13 सितंबर सुबह 9 बजे पंचामृत अभिषेक, 10 बजे सिंदूर अर्पण तथा 11 बजे सौभाग्य देवी पूजन, चन्द्रार्चन, मेहंदी और सौभाग्य अर्चन होगा। श्रद्धालुओं को मेहंदी बांटने के साथ महिलाओं के हाथों पर मेहंदी भी लगाई जाएगी। 14 सितंबर सुबह 5 बजे मोदक अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 1 बजे महाआरती और बैंड वादन होगा। शाम 6 बजे भजन संध्या में स्थानीय कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। मंदिर में गणेशजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

## श्वेत सिद्धिविनायक में छह दिवसीय महोत्सव

सूरजपोल बाजार स्थित श्री श्वेत सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में महिलाओं की कलश यात्रा के साथ छह दिवसीय गणेश महोत्सव का आगाज हो चुका है। 10 सितंबर को महायज्ञ के साथ गन्ने के रस से अभिषेक, 11 सितंबर को हवन-यज्ञ, नववस्त्र श्रृंगार और छप्पन भोग की झांकी तथा 12 सितंबर को लड्डुओं की भव्य झांकी होगी। 13 सितंबर को महिलाओं की ओर से सिंजारा महोत्सव मनाया जाएगा। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर सुबह 5:15 से दोपहर 1:15 बजे तक पूजा और दुग्धाभिषेक होगा। इसके बाद पंचामृत अभिषेक और गणपति महायज्ञ होगा। पूर्णाहुति के बाद शाम को विशेष श्रृंगार झांकी और भक्ति संध्या होगी।

### मोतीडूंगरी में 3500 किलो मेहंदी, स्वर्ण मुकुट और नौलखा हार

मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर में 13 सितंबर को मेहंदी पूजन और सिंजारा होगा। सोजत की करीब 3500 किलो मेहंदी गणेशजी को अर्पित की जाएगी। पूजा के बाद रात 7:30 बजे पांच स्थानों से मेहंदी प्रसाद बांटा जाएगा। महिलाओं और कन्याओं के लिए मेहंदी की अलग व्यवस्था होगी। इसी दिन गणेशजी को साल में केवल गणेश चतुर्थी पर धारण कराया जाने वाला स्वर्ण मुकुट पहनाया जाएगा। चांदी के सिंहासन पर गणेशजी विशेष पोशाक और नौलखा हार में विराजेंगे। मोती, सोना, पन्ना और माणक से सजे इस हार को महंत परिवार ने करीब तीन महीने में तैयार कराया है। 14 सितंबर को गणेश जन्मोत्सव होगा। सुबह 5 बजे मंगला आरती से रात 11:40 बजे शयन आरती तक दर्शन होंगे। सुबह 11:20 बजे विशेष पूजन, 11:30 बजे श्रृंगार आरती, दोपहर 2:15 बजे भोग आरती और शाम 7 बजे संध्या आरती होगी। भोग के दौरान दोपहर 1:30 से 2 बजे तक मंदिर के पट मंगल रहेंगे। 15 सितंबर को गणेशजी का नगर भ्रमण होगा। शोभायात्रा मोतीडूंगरी मंदिर से रवाना होकर एमडी रोड, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार और नाहरगढ़ रोड होते हुए गढ़ गणेश मंदिर पहुंचेगी।

## परकोटा गणेश मंदिर में 21 हजार लड्डुओं की झांकी

चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में महंत अमित शर्मा के सान्निध्य में जन्मोत्सव की तैयारियां चल रही हैं। मंदिर को विशेष लाइटिंग, फूलों की बंदरवाल और सजावट से सजाया जा रहा है। 12 सितंबर को 21 हजार लड्डुओं की भव्य झांकी सजाई जाएगी। 13 सितंबर को 111 किलो मेहंदी से सिंजारा उत्सव होगा। महंत परिवार गणेशजी को मेहंदी अर्पित करेगा। इसके बाद महिला मंडल बधाई गान प्रस्तुत करेगा और श्रद्धालुओं को मेहंदी वितरित की जाएगी। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी पर छप्पन भोग अर्पित कर भव्य झांकी सजाई जाएगी। भजन-कीर्तन के साथ मंदिर परिसर भक्तिमय रहेगा।

## सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा पर जोर

प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अलग-अलग दर्शन लाइन, प्रवेश-निकास व्यवस्था, वरिष्ठ नागरिकों और विशेष आवश्यकता वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से सीसीटीवी कैमरे, बेरिकेडिंग और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहेगी। मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्ग का पालन करने और व्यवस्थाओं में सहयोग करने की अपील की गई है। गणेश जन्मोत्सव के दौरान जयपुर के प्रमुख गणेश मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों, विशेष झांकियों, मेहंदी-सिंदूर वितरण, भजन-कीर्तन और शोभायात्राओं के चलते शहर में चारों ओर गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजेंगे।



# 13वीं मंजिल से गिरने से 22 वर्षीय युवक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर थाना इलाके में न्यू आतिश मार्केट स्थित एक मल्टीस्टोरी बिल्डिंग की 13वीं मंजिल से गिरने से 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक बिल्डिंग की छत पर अकेला पहुंचा था। घटना 4 सितंबर की शाम की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक को सेल्फी लेने और रील बनाने का शौक था। आशंका है कि छत पर लगी करीब ढाई फीट ऊंची लोहे की रेलिंग पर चढ़कर सेल्फी लेने और रील बनाने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गया। मानसरोवर थानाधिकारी सतीश चंद के अनुसार सोडाला निवासी गौरव शर्मा की 4 सितंबर की शाम 13वीं मंजिल से गिरने से मौत हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर खुदकुशी के एंगल से जांच शुरू की। जांच के दौरान गौरव के मोबाइल में घटना से कुछ समय पहले ली गई एक सेल्फी मिली। पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जांच में सामने आया कि गौरव अकेला ही बिल्डिंग की छत पर पहुंचा था। पुलिस के अनुसार बिल्डिंग की छत पर करीब ढाई फीट ऊंची लोहे की रेलिंग लगी है। रेलिंग पर गौरव के पैरों के निशान भी मिले हैं। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि वह ऊंचाई पर जाकर सेल्फी लेने या रील बनाने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों से पूछताछ में भी सामने आया कि गौरव को सेल्फी लेने और रील बनाने का शौक था। वह करीब एक साल से एक आईटी कंपनी में इंजीनियर के पद पर काम कर रहा था। सप्ताह में दो दिन जयपुर के सीतापुरा स्थित कार्यालय जाता था, जबकि चार दिन घर से काम करता था। पुलिस के अनुसार गौरव का घर सोडाला क्षेत्र में है। परिजनों से पूछताछ में यह भी सामने आया कि गौरव ने परिवार को ऐसी जगह के बारे में बताया था, जहां ऊंचाई से पूरा जयपुर शहर नजर आता है। घटना वाले दिन 4 सितंबर को वह महिमा पार्क जाने की बात कहकर घर से निकला था। वहां से मेट्रो के जरिए न्यू आतिश मार्केट पहुंचा और बिल्डिंग की छत पर अकेला चला गया। छत पर रेलिंग पर चढ़कर उसने सेल्फी ली और रील बनाने के प्रयास के दौरान नीचे गिर गया। थानाधिकारी सतीशचंद ने बताया कि गौरव का परिवार मूल रूप से दूधली, बस्सी का रहने वाला है। वह रामनगर, सोडाला में अपनी मां और बहन के साथ रहता था। गौरव के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। हादसे के बाद उसकी मां सदमे में है। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# पंडित गणेशनारायण बावलिया बाबा नाम से बनेगी फिल्म, नए चमत्कारों का होगा चित्रण

## फिल्म में विभिन्न स्थानों पर बने बाबा के मंदिर भी दिखेंगे



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** राजस्थानी व हिंदी फिल्म बावलियो पंडित के दो पार्ट की सफलता के बाद अब पंडित गणेश नारायण बावलिया बाबा नाम से नई फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने आएगी। फिल्म में बाबा की भूमिका निभाने वाले अभिनेता एवं निर्देशक क्षितिज कुमार ने बुधवार रात बाबा की हवेली म्यूजियम में दर्शन के दौरान इसकी घोषणा की। इन्होंने बताया कि इस फिल्म में बाबा से जुड़े नए चमत्कारों को कहानी का हिस्सा बनाया जाएगा। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर बने बाबा के मंदिरों का भी फिल्म में चित्रण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिल्म को पहले दोनों पार्ट की तरह मनोरंजक और रोचक बनाने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर इनकी हाल ही में बनी हास्य एवं मनोरंजन से भरपूर फिल्म थांको ब्याव होगो के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इससे पहले नंदकिशोर स्वामी, विजयपाल सिंह शेखावत व सुरेश पारीक ने प्रतीक चिह्न भेंट कर क्षितिज कुमार का सम्मान किया। कार्यक्रम में रघुनंदन सोनी, राहुल कुमावत, कुशल शेखावत, मनीष पारीक, रवि शर्मा, राहुल पारीक, रूपेंद्र शेखावत, रेखा सोनी, अभिलेखा, आभा, यश, अवनी और धनवी सहित अन्य मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता एवं दिवेर विजय महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा (नवयत्न)।** मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में स्वीप/इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता एवं दिवेर विजय महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। उन्होंने युवाओं से बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

## दिवेर विजय महोत्सव-2026 की दी जानकारी

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान एवं प्रताप गौरव केंद्र राष्ट्रीय तीर्थ, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले दिवेर विजय महोत्सव-2026 के संबंध में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई।

महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी ने एनएसएस इकाई प्रथम एवं द्वितीय के स्वयंसेवकों व विद्यार्थियों को महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। इनमें निबंध एवं ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रमुख हैं।

साथ ही 20 सितंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय निःशुल्क ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के नियमों तथा गूगल फॉर्म के माध्यम से 15 सितंबर तक पंजीकरण एवं मोबाइल एप के जरिए परीक्षा में सम्मिलित होने की प्रक्रिया समझाई गई। एनएसएस प्रभारियों ने विद्यार्थियों को महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान एवं ऐतिहासिक दिवेर विजय से प्रेरणा लेते हुए प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रणवीर सिंह सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ रामकिशन चौधरी, सतीराम बिश्नोई, डॉ विशाल कुमार सगतानी, दीपिका भाटी, प्रेमराम, जैताराम पारिक, डॉ आमिर सौफेल, मनरेखा राठौड़ एवं नरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ, एनएसएस इकाई प्रथम एवं द्वितीय के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल को स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** मानसरोवर थाना इलाके में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को ब्लैक शीशों वाली स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर चालक के फरार होने का मामला सामने आया है।

पुलिसकर्मी ने गाड़ी के काले शीशे देखकर उसे रोकने का इशारा किया था। इस पर चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और ओवरस्पीड में गाड़ी दौड़ाते हुए कांस्टेबल को टक्कर मार दी। हादसे में कांस्टेबल सड़क पर गिरकर घायल हो गया। टक्कर के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी के नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हेड कांस्टेबल घासीराम ने बताया कि जयपुर ट्रैफिक पुलिस दक्षिण में तैनात एएसआई महेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घटना 8 सितंबर की सुबह करीब सवा 10 बजे की है। उस दिन सुबह करीब 8 बजे से एएसआई महेश कुमार और कांस्टेबल बलदेव की ड्यूटी गंगा-जमुना से वेस्टर्न हाईवे तक लगाई गई थी। दोनों पुलिसकर्मी अपने बीट क्षेत्र में स्थित किसान धर्मकांटा पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान करीब सवा 10 बजे बदरवास की तरफसे ब्लैक कलर की स्कॉर्पियो आई।

गाड़ी के शीशे काले देखकर कांस्टेबल बलदेव ने उसे रुकने का इशारा किया। आरोप है कि चालक ने रुकने के बजाय स्कॉर्पियो की रफ्तार बढ़ा दी और तेज गति से कांस्टेबल की तरफ गाड़ी दौड़ा दी। इसी दौरान स्कॉर्पियो की टक्कर लगने से कांस्टेबल बलदेव सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इस हादसे के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने घायल कांस्टेबल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसे में उसके शरीर पर काफी चोटें आई और उसकी वर्दी भी फट गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने स्कॉर्पियो के नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी : जन मंच




निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निकाय चुनाव को देखते हुए राजस्थान जन मंच के तत्वावधान में गुरुवार को जयपुर के विभिन्न स्थानों पर मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आमजन को मतदान का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई। राजस्थान जन मंच के महासचिव कमल लोचन ने बताया कि संस्था से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों से संवाद कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया। सौम्यता लोचन, राकेश चौधरी, गणेश बैरवा और विजय सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने अभियान में भाग लिया। जागरूकता अभियान जवाहर सर्किल, अपेक्स सर्किल, पीकॉक गार्डन, जगतपुरा पुलिया और गोपालपुरा बाईपास चौराहे पर आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों को लोकतंत्र में मतदान की भूमिका बताते हुए अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने की अपील की।

# नशा मुक्ति पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा (नवयत्न)।** नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्त राजस्थान संकल्प माह के अंतर्गत बागड़ी महाविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ हर्षिका कटारिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति केवल व्यक्ति को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि इससे परिवार और पूरा समाज भी प्रभावित होता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों एवं सकारात्मक सोच को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर नई किरण नशा मुक्ति केंद्र प्रभारी सतीराम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा स्वयं नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। विद्यार्थियों ने नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने और अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रणवीरसिंह ने नशे के विभिन्न प्रकार, उनके दुष्प्रभाव, नशे की लत से बचाव तथा नशाग्रस्त व्यक्तियों के पुनर्वास एवं सहयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ रणवीरसिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों के सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ट्रोले से टकराई बाइक, युवक गंभीर घायल, जयपुर रैफर

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी नगर थाना क्षेत्र के खरखड़ा के पास गुरुवार को ट्रोले और बाइक की टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सोलाना निवासी अनिल पुत्र राजेंद्र बाइक पर सवार होकर खेतड़ी से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान खरखड़ा के पास उसकी बाइक ट्रोले से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल को संभाला और उपचार के लिए खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉ हिमांशु लंबोरा की टीम ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने जांच के बाद अनिल की हालत गंभीर होने पर उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया गया। परिजन घायल को लेकर जयपुर रवाना हुए। घटना की सूचना मिलने पर खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी जुटाई।

# एफर्ट्स संस्था झुंझुनू ने मनाया सातवां स्थापना दिवस



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** सामाजिक संस्था एफर्ट्स का आज से सात वर्ष पहले 10 सितंबर 2019 को बच्चों की शिक्षा हेतु गठन किया गया था। एफर्ट्स ने आज गौरवमई सात वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। गुरूवार को संस्था सदस्यों ने अंबेडकर भवन झुंझुनूं में केक काटकर खुशियां बांटी। संस्था ने अब तक सैकड़ों बच्चों को लाखों रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान कर दी है। स्कॉलरशिप प्राप्त कर संस्था से अब तक 43 बच्चों का विभिन्न राजकीय सेवाओं सहित नीट, आईआईटी में चयन हो चुका है। संस्था लगातार अनुसूचित जाति के बच्चों की शिक्षा हेतु अनवरत रूप से कार्य कर रही है। इस दौरान इंद्राज सिंह भूरिया, डॉ राकेश माहिच, सीताराम बास बुडाना, सुनील गोठवाल, नरेंद्र कहडायला, अजय काला, महावीर सानेल, राजेश हरिपुरा, मदनलाल गुडेसर, महेश जसरापुर, सुनील रसोड़ा, संदीप बौद्ध, हीरालाल, किशनलाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# नगरपालिका चुनाव को लेकर कलेक्टर-एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** सिंघाना में नगरपालिका चुनाव को लेकर प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार शाम को जिला कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग और एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने सिंघाना कस्बे में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

प्रशासन ने सिंघाना में 8 मतदान केंद्रों को संवेदनशील माना है। इन बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा। कलेक्टर डॉ अरूण गर्ग और एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने के साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने कहा कि चुनाव में माहौल बिगाड़ने या नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश और निकास व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस की ओर से कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया। हथियारबंद जवानों के साथ निकाले गए फ्लैग मार्च से पुलिस ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव का संदेश दिया। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बुधवार रात को सिंघाना में कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच हुई मारपीट की घटना को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई करने तथा चुनाव के दौरान आपसी विवाद और तनाव की स्थिति पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर इस दौरान बुहाना डीएसपी मंजू चौहान, खेतड़ी एसडीएम सुनील कुमार चौहान, खेतड़ी सीआई बुद्धि प्रसाद, सिंघाना सीआई सुगन सिंह बिजारणियां सहित पुलिस जवान और हथियारबंद जवान मौजूद रहे।

## पांच दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गलता गेट, दिल्ली रोड स्थित श्री गीता गायत्री गणेश मंदिर में पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ हुआ। गोविंद देवजी मंदिर के उत्तराधिकारी मानस गोस्वामी महाराज ने गणेशजी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ किया। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के प्रथम दिन ब्राह्मण विद्वानों के समूह ने गणेशजी महाराज के सवा लाख गणेश महामंत्र जाप और गणपति अथर्वशीर्ष पाठ किए। इसके साथ गणेशजी महाराज को सिंदूरी चोला धारण कराया गया।

### 11 को पंचामृत व तीर्थ जल से अभिषेक

11 सितंबर को गणेशजी महाराज का द्वादश ज्योतिर्लिंग पूजन किया जाएगा। इसके बाद पंचामृत, विभिन्न तीर्थों के पवित्र जल और गन्ने के रस से अभिषेक होगा। इस दौरान गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ भी किया जाएगा। 12 सितंबर को गणेशजी महाराज को गोटा-पट्टी की विशेष पोशाक धारण कराकर नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा। 13 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक गणेशजी को मेहंदी अर्पित की जाएगी। श्रद्धालुओं को मेहंदी का प्रसाद वितरित करने के साथ उनके हाथों पर भी मेहंदी लगाई जाएगी।

### 14 सितंबर को महाआरती और भजन संध्या

महोत्सव के अंतिम दिन 14 सितंबर को गणेशजी महाराज का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। बैंड वादन के साथ भव्य महाआरती होगी। इसके बाद भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर परिसर में पांचों दिन गणेश भक्ति, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष वातावरण रहेगा। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक एवं भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान करना अति आवश्यक : राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नगर निकाय चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण में मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है। राठौड़ ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के तहत 11 सितंबर को 147 नगरीय निकायों में मतदान होगा। इस चरण में जयपुर, जोधपुर और कोटा सहित प्रदेश के छह बड़े नगर निगमों तथा उनसे जुड़े नगर परिषदों और नगर पालिकाओं के क्षेत्रों में मतदान होगा। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान करना आवश्यक है। राठौड़ ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं से उत्साह और जिम्मेदारी के साथ मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि युवा स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवारजनों, मित्रों और परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आपका प्रत्येक मत आपके नगर के विकास, बेहतर नागरिक सुविधाओं, स्वच्छ एवं सुदृढ़ व्यवस्था तथा सुशासन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसलिए सभी मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बनें। राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि सभी अपने मताधिकार का सदुपयोग करें और अपने नगर के उज्ज्वल भविष्य, विकास एवं बेहतर व्यवस्थाओं के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

## सहपाठी और उसके साथी ने 10वीं के छात्र को धमकाकर करवाई घर में चोरी

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना इलाके में 10वीं के 16 वर्षीय छात्र को उसके सहपाठी और बालिग साथी ने जान से मारने की धमकी देकर अपने ही घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी करवाए। आरोपियों ने छात्र को मोबाइल देकर लगातार निर्देश दिए। छात्र ने अलमारी से सोने के तीन सेट, बाली, हार, अंगूठी, नथ, पेंडेंट, चांदी का कड़ा और पायजेब चोरी कर उन्हें सौंप दिए। पुलिस के अनुसार छात्र की मुलाकात सहपाठी के परिचित युवक से हुई थी। युवक ने उसे कार चलाने के लिए दी।

कार लौटाने पर आरोपी ने उसमें तोड़फोड़ का झूठा आरोप लगाकर भारी रकम मांगी और जान से मारने की धमकी दी। पैसे नहीं होने पर उसे घर में चोरी के लिए मजबूर किया गया।

## अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रताप नगर थाना टीम ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 80 वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए 51 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपियों की पहचान शेर सिंह निवासी मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर और कमलजीत उर्फ केके उर्फ कमल निवासी मलारना डूंगर जिला सवाई माधोपुर को पकड़ा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि दुपहिया वाहन चोरी की रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित की गई। जहां टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और वाहन चोरी के हॉटस्पॉट चिह्नित कर सादा कपड़ों में निगरानी की।

मुखबिर की सूचना पर कांस्टेबल केदारमल ने आरोपियों की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर द्रव्यवती नदी के पास चिनाव अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया। पुलिस ने जांच के दौरान बाइक बरामद की और पूछताछ में 80 वारदातों का खुलासा हुआ। थानाधिकारी विक्रांत शर्मा के अनुसार आरोपी मुहाना और सांगानेर क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर कैटरिंग का काम करते थे। जल्दी पैसा कमाने के लिए बाइक चोरी करने लगे। वे सुनसान जगह खड़ी बाइक की रेकी कर पैर के झटके से हैंडल लॉक तोड़ते, तारों को डायरेक्ट जोड़कर बाइक स्टार्ट कर फरार हो जाते थे।

रास्ते में नंबर प्लेट तोड़कर फेंक देते और चोरी की बाइक सुनसान स्थान पर छिपा देते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि कमलजीत चाकसू और सांगानेर सदर थाने के वाहन चोरी के मामलों में न्यायालय से जारी कई स्थाई गिरफ्तारी वारंटों में लंबे समय से फरार था। वर्ष 2014 से उसके खिलाफ महेश नगर, आमेर, चाकसू, सांगानेर सदर और मलारना डूंगर थानों में वाहन चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। शेर सिंह के खिलाफ मलारना डूंगर थाने में मारपीट का मामला दर्ज है। पुलिस अब अन्य वारदातों और चोरी के वाहनों के संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## निरीक्षण : एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री नष्ट, मिठाइयों की गुणवत्ता में भी मिली कमी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर प्रथम खाद्य सुरक्षा दल ने अजमेर रोड स्थित ब्रिटिश बेकरी और महारानी स्वीट्स एंड बेकर्स का निरीक्षण किया। कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण अविचल चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत के नेतृत्व में की गई। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ रवि शेखावत ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के रख-रखाव, परिसर की स्वच्छता, खाद्य पदार्थों की सुरक्षित हैंडलिंग और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन में विभिन्न कमियां मिलीं। टीम को एक्सपायर्ड खाद्य उत्पाद भी मिले, जिन्हें अन्य खाद्य सामग्री से अलग करवाकर मौके पर ही नष्ट कराया गया। वहीं महारानी स्वीट्स एंड बेकर्स में तैयार मिठाइयों की गुणवत्ता और स्वच्छता से जुड़ी कमियां पाए जाने पर संबंधित मिठाइयों को भी मौके पर नष्ट करवाया गया। टीम ने दोनों प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, साफ-सफाई तथा फूड हैंडलर्स की ओर से आवश्यक स्वच्छता मानकों के पालन की जांच की और मिली कमियों को मौका रिपोर्ट में दर्ज किया। खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के लिए दोनों प्रतिष्ठानों को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किए गए। संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा बनाए रखने, परिसर में साफ-सफाई रखने तथा फूड हैंडलर्स से आवश्यक हाइजीन प्रैक्टिस की पालना कराने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग जयपुर प्रथम ने बताया कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण और खाद्य सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 18वीं पदयात्रा रामदेवरा के लिए रवाना

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। दांता से रामदेवरा के लिए ओम रुणिचा संघ की 18वीं पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रा का मुख्य बाजार में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर रवाना किया। ओम रुणिचा पदयात्रा संघ के अध्यक्ष दुर्गा सिंह सांखला ने बताया कि दस दिवसीय यात्रा कुचामन, नागौर, फलौदी होती हुई 20 सितंबर को रामदेवरा पहुंचेगी। गजेंद्र नागौरा ने यात्रा प्रस्थान के दौरान स्वागत करने और जलपान की व्यवस्था करने वाले धर्मप्रेमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान घनश्याम सांखला, विनोद दायमा बाय, राधेश्याम वर्मा, टीना, मंगली उजनिया, सुभाष गुर्जर व गोपाल वर्मा सहित लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्वक निकाय चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में निकाय चुनावों को लेकर शहर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। गुरूवार को उप पुलिस अधीक्षक इंसार अली व थाना अधिकारी संदीप पूनीया के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने आमजन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने का भरोसा दिलाया। साथ ही चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि से दूर रहने की अपील की गई। थानाधिकारी पूनीया ने कहा कि निकाय चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। फ्लैग मार्च में पुलिस जवानों सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## 6.80 करोड़ के बॉस स्कैम में बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस की केंद्रीय साइबर क्राइम थाना टीम ने 6.80 करोड़ रुपए के बॉस स्कैम मामले में एक और आरोपी को बाड़मेर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तगाराम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसने साइबर ठगी की रकम के लेनदेन के लिए अपना बैंक खाता कमीशन के बदले उपलब्ध कराया था। इस मामले में अब तक 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम विजय कुमार सिंह ने बताया कि अनुसंधान के दौरान तगाराम की भूमिका सामने आई। बैंक रिकॉर्ड और तकनीकी जांच में पता चला कि आरोपी ने अपना बैंक खाता हरेन्द्र उर्फ हनी को उपलब्ध कराया था। इसी खाते में 24 अगस्त 2026 को 2.50 लाख रुपए आए थे। इसके बाद तगाराम, हरेन्द्र के साथ बैंक पहुंचा और खाते से रकम निकालने का प्रयास किया। जांच में सामने आया कि गिरोह साइबर ठगी की रकम को खपाने के लिए म्यूल बैंक खाते, एटीएमए चेक, यूपीआई, क्यूआर कोड, डिजिटल वॉलेट और यूएसडीटी क्रिप्टो करेंसी का सुनियोजित इस्तेमाल करता था। टेलीग्राम ग्रुप के जरिए फर्जी अथवा म्यूल बैंक खातों, एटीएम, सिम और पासबुक की किट उपलब्ध कराई जाती थी। ठगी की रकम म्यूल खातों में पहुंचने के बाद उसे एटीएम या चेक से नकद निकालने अथवा यूपीआई, क्यूआर कोड, सीडीएम और अन्य बैंक खातों में तत्काल ट्रांसफर किया जाता था। कई खातों में रकम की लेयरिंग करने के बाद उसे यूएसडीटी या अन्य क्रिप्टो करेंसी में बदलकर आगे भेजा जाता था। इसके लिए बाइनेंस जैसे क्रिप्टो प्लेटफॉर्म और टेलीग्राम पर उपलब्ध क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस के अनुसार गिरोह फर्जी पहचान या व्हाट्सऐप के जरिए लोगों को विश्वास में लेकर ठगी करता था। इसके बाद रकम को म्यूल खातों में मंगाकर एटीएम, चेक, यूपीआई, सीडीएम व क्यूआर कोड से निकालने या ट्रांसफर करने और विभिन्न खातों में लेयरिंग के बाद क्रिप्टो करेंसी के जरिए नेटवर्क के मास्टरमाइंड तक पहुंचाया जाता था। पुलिस टीम व्हाट्सऐप रिकॉर्ड, सीडीआर, सीएएफ आईडी, आईपीडीआर और बैंकिंग ट्रांजेक्शन का तकनीकी विश्लेषण कर रही है। रकम आगे किन खातों में पहुंची और नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी जांच जारी है। यह कार्रवाई डीआईजी साइबर क्राइम शान्तनु कुमार सिंह के निर्देशन में केंद्रीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर के थानाधिकारी एवं डीएसपी गजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने की। टीम में पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार, एएसआई राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल बृजलाल और कांस्टेबल सच्चिदानन्द शामिल रहे।

## दूसरे चरण का मतदान आज

### एक नगरपरिषद सहित 6 नगर निकाय में होगा मतदान

निसं

चूरू (नवयत्न)। नगर निकाय आम चुनाव 2026 को लेकर दूसरे चरण का मतदान आज 11 सितंबर, 2026 को सवेरे 7 बजे से सायं 06 बजे तक सम्पन्न होगा। द्वितीय चरण में चूरू जिले में नगरपरिषद सरदारशहर तथा नगरपालिका तारानगर, साहवा, रतनगढ़, राजलदेसर व बीदासर में वार्ड सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने नगर निकाय आम चुनाव 2026 के मध्यनजर द्वितीय चरण मतदान हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की है। दूसरे चरण में नगरपरिषद सरदारशहर के कुल 55 वार्डों के लिए 89 मतदान केन्द्रों एवं नगरपालिका तारानगर के कुल 35 वार्डों के लिए 36 मतदान केन्द्रों, साहवा के कुल 20 वार्डों के लिए 20 मतदान केन्द्रों, रतनगढ़ के कुल 45 वार्डों के लिए 63 मतदान केन्द्रों, राजलदेसर के कुल 35 वार्डों के लिए 35 मतदान केन्द्रों व बीदासर के कुल 35 वार्डों के लिए 37 मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा। आपको बता दें कि जिले की 3 नगर परिषद सहित 11 नगर निकाय में चुनाव दो चरणों में होना था, जिसके तहत 9 सितम्बर को प्रथम चरण का मतदान चूरू नगरपरिषद, सुजानगढ़ नगरपरिषद, राजगढ़ नगर पालिका, रतननगर नगर पालिका, छापर नगरपालिका में सम्पन्न हो गया है अन्य बची नगर निकाय के लिए मतदान आज होगा। वही सभी नगरनिकाय मुख्यालयों पर ही 14 सितंबर को निर्धारित मतगणना स्थलों पर मतगणना की जाएगी।

## तारानगर नगरपालिका के 35 वार्डों पर मतदान के लिए कुल 36 मतदान केंद्र स्थापित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव के द्वितीय चरण के तहत नगरपालिका तारानगर के कुल 35 वार्डों पर मतदान के लिए शहर में कुल 36 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम प्रियंका कड़ेला ने बताया कि वार्ड नंबर एक के लिए सोनी धर्मशाला, वार्ड नंबर 2 के लिए महात्मा गांधी नवीन विद्यालय कमरा नंबर 12 व कमरा नंबर 2, वार्ड नंबर 3 के लिए महात्मा गांधी नवीन विद्यालय कमरा नंबर 3, वार्ड नंबर 4 के लिए संघ ओसवाल पंचायत भवन, वार्ड 5 के लिए सरस्वती कन्या महाविद्यालय, वार्ड 6 के लिए बीआर स्कूल, वार्ड 7 के लिए राजकीय सीता देवी तोषनीवाल विद्यालय कमरा नंबर 8 मध्य भाग, वार्ड 8 के लिए राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, वार्ड 9 के लिए राजकीय सीता देवी तोषनीवाल विद्यालय कमरा नंबर 11 उत्तर भाग, वार्ड नंबर 10 के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 1, वार्ड 11 के लिए जोड़ी धर्मशाला, वार्ड 12 के लिए इंद्रमणि शारदा बालिका विद्यालय कमरा नंबर 1 बांया भाग, वार्ड 13 के लिए इंद्रमणि शारदा बालिका विद्यालय कमरा नंबर 5 दांया भाग, वार्ड नंबर 14 के लिए सैनी विकास संस्था, वार्ड 15 के लिए मॉडर्न प्रिंस उच्च माध्यमिक विद्यालय, वार्ड 16 के लिए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 8, वार्ड 17 के लिए मदरसा लोहारन, वार्ड 18 के लिए सुभाष शिक्षण संस्थान विद्यालय, वार्ड 19 के लिए नेहरू पब्लिक स्कूल, वार्ड 20 के लिए टैगोर स्कूल कला भवन, वार्ड 21 के लिए राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 4 दक्षिण हिस्सा, वार्ड 22 के लिए चौधरी गेस्ट हाउस, वार्ड 23 के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 4 उत्तर हिस्सा, वार्ड 24 के लिए देव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, वार्ड 25 के लिए चौधरी कॉलेज, वार्ड 26 के लिए मॉडर्न छात्रावास, वार्ड 27 के लिए ब्राह्मण पंचायत भवन, वार्ड 28 के लिए बंका धर्मशाला, वार्ड 29 के लिए जमनाधर मोतीलाल सरावगी विद्यालय, वार्ड 30 के लिए शांति देवी कंदोई बालिका विद्यालय, वार्ड 31 के लिए मदरसा तेलियान, वार्ड 32 के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 3, वार्ड 33 के लिए मेघवाल धर्मशाला, वार्ड 34 के लिए बनेचंद सरावगी आदर्श विद्या मंदिर, वार्ड 35 के लिए सैनी संस्था को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है।

एसडीएम ने बताया इन 36 केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। इसमें 20 केंद्र संवेदनशील है जिन पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेंगे।

## राजकीय जालान अस्पताल में मिनटों में मिलेगा डी-आर सेटअप वाला एक्सरे

नवरतन वर्मा




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे की सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाकर आमजन को हो रही आर्थिक एवं मानसिक परेशानी को दूर करने के लिए नागपुर के भामाशाह अनोज अजीतसरिया द्वारा अपने पूर्वजों जगदीश प्रसाद रतनलाल अजीतसरिया की स्मृति में 15 लाख रुपये की राशि उपलब्ध करवाई गई है। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चम्पालाल उपाध्याय द्वारा जीवन पर्यन्त किये गये सेवाकार्यों को आगे बढ़ाने की दृष्टि से श्री गांधी बाल निकेतन के सचिव राजीव उपाध्याय द्वारा जिले के सरकारी चिकित्सालयों के सुदृढ़ीकरण हेतु चलाई जा रही मेडिकल इक्विपमेंट परियोजना के तहत उपलब्ध हुई इस राशि से जालान चिकित्सालय के एक्सरे विभाग के लिए अत्याधुनिक डी-आर मशीन खरीदी गई है। कल 12 सितम्बर को आयोजित होने वाले इस मशीन के उद्घाटन समारोह के बाद मरीजों को सरकारी हॉस्पिटल में ही अत्याधुनिक मशीन से जारी डी-आर सेटअप वाला डिजिटल एक्सरे मिलने लगेगा। प्रोजेक्ट फाउंडर उपाध्याय ने बताया कि हॉस्पिटल में पहले से स्थापित एक्सरे मशीन के साथ काम आने वाला सी-आर सेटअप काफी आउटडेटेड एवं खराब हो चुका था। जिससे हर महीने होने वाले करीब 3000 एक्सरे के लिए मरीजों को बाहर से एक्सरे करवाना पड़ता। चिकित्सालय प्रशासन के अनुरोध पर भामाशाह के उदार सहयोग से अब चिकित्सालय में एक्सरे की आधुनिकतम तकनीक डी-आर सेटअप की स्थापना से प्रतिमाह हजारों मरीजों को राहत मिलेगी। कुछ ही महीनों में 65 लाख से अधिक की राशि से ऑपरेशन थियेटर सेपरेशन व ब्लड बैंक के नवीनीकरण का कार्य भी करवाया जायेगा जिस पर भामाशाहों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

## बारिश की कमी से फसलें खराब, 16 सितंबर को एसडीएम को देंगे ज्ञापन



मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** बारिश की कमी से फसल खराब होने के बाद किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर बाबा सीतानाथ आश्रम कुई में किसान सभा की। सभा की अध्यक्षता ओमप्रकाश झारोडा ने की। किसानों ने कहा कि सूखे जैसे हालात के कारण फसलें बर्बाद हो गई हैं, लेकिन उन्हें अब तक राहत नहीं मिल पाई है। सभा में जैतपुर, झारोडा, ईस्माइलपुर, कुहाड़वास-रायली, भूरीवास, बलोदा, ठोठी गादली और काजला सहित आसपास के गांवों के किसान शामिल हुए। किसानों ने फसल बीमा के बावजूद क्लेम प्रक्रिया में देरी और समय पर राहत नहीं मिलने की शिकायत भी रखी। लंबी चर्चा के बाद किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 16 सितंबर को उपखंड अधिकारी को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दिन विभिन्न गांवों से किसान उपखंड कार्यालय पहुंचकर फसल खराबे का मुआवजा और फसल बीमा क्लेम जल्द दिलाने की मांग करेंगे। सभा में सरपंच मनोज चौधरी, रमेश भालोठिया, सतीश चौधरी, राजकुमार, जयभगवान, उम्मेद सिंह, छल्लू साहब, रामपाल, सुनील और रविन्द्र महास्य सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# रेल सेवा का विस्तार




देश के व्यस्त रेल मार्गों पर यातायात के दबाव को देखते हुए सात रेल मार्गों को चार लेन का बनाने का फैसला समय की मांग के अनुरूप है। इस फैसले पर अमल से ट्रेनों की क्षमता बढ़ाने और यात्रा को ज्यादा सुगम बनाने में तो सहायता मिलेगी ही, ट्रेनों के लेट होने की समस्या का भी समाधान होगा। चूंकि जिन सात रेल मार्गों को चार लेन का करने का निर्णय लिया गया, वे सभी अति व्यस्त रेल रूट हैं, इसलिए देश के अनेक बड़े शहरों को इसका लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय यह भी है कि इससे यातायात के साथ माल ढुलाई भी बेहतर होगी। केंद्रीय कैबिनेट ने रेल सेवा के आधुनिकीकरण को ध्यान में रखते हुए तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इनके पूरा होने से भारतीय रेलवे के नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

समय के साथ जिस तरह आवाजाही तेजी के साथ बढ़ रही है, उसे देखते हुए रेल सेवा के आधुनिकीकरण और उसके विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यह सही है कि सड़क यातायात अपेक्षाकृत सुगम होने के साथ हवाई सेवाएं भी नए-नए शहरों में पहुंच रही हैं, लेकिन भारत सरीखे बड़े और विशाल आबादी वाले देश में रेल सेवा का कोई विकल्प नहीं।

आज भी बड़ी संख्या में लोग रेल से यात्रा करना पसंद करते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता में कमी के कारण कुछ लोगों को मजबूरी में सड़क या हवाई सेवा का चयन करना पड़ता है। त्योहारों और अन्य विशेष अवसरों पर ट्रेनों में सीटें मिलना अभी भी कठिन बना हुआ है। एक समस्या उनकी लेट-लतीफी भी है। इसका कारण पर्याप्त रेल मार्ग न होना है। देश के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं, जो अभी रेल सेवा से नहीं जुड़ सके हैं।

कुछ बड़ी आबादी वाले क्षेत्र ऐसे हैं, जहां तक जाने के लिए ट्रेन कठिनाई से उपलब्ध होती है। इसे देखते हुए रेल सेवा का विस्तार कहीं अधिक तेजी से होना चाहिए। इसके पहले रेल मंत्री ने यह जानकारी दी थी कि स्वदेशी बुलेट ट्रेन का परीक्षण अगले वर्ष मई-जून में होगा और यदि सब कुछ सही रहा तो दिसंबर में उसका संचालन शुरू हो जाएगा। यह एक उपलब्धि तो होगी, लेकिन यह ध्यान रहे कि बुलेट ट्रेन परियोजना को साकार करने में देर हुई है।

जापान, चीन और यूरोपीय देश न जाने कब से प्रमुख मार्गों पर बुलेट ट्रेन चला रहे हैं। इसी तरह एक सच्चाई यह भी है कि इन देशों में सामान्य ट्रेनों की औसत गति भारत के मुकाबले कहीं अधिक है। यह ठीक है कि पिछले कुछ वर्षों में चुनिंदा ट्रेनों की रफ्तार बढ़ी है, लेकिन अभी कुल मिलाकर उनकी गति सीमा दो सौ किमी प्रति घंटे के अंदर ही है और कुछ ट्रेनों को तो सुरक्षा कारणों से तय गति से कम रफ्तार में ही चलाने की मजबूरी है।

## विशेष आलेख

# हालिया टकराव के बाद ईरान और खाड़ी देशों का ब्रिक्स में होगा आमना-सामना

## अब मोदी की कूटनीति देखेगी दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से दुनिया को यह संदेश देते रहे हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। अब यही संदेश उनकी विदेश नीति की सबसे बड़ी कसौटी बन गया है। एक तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, दूसरी ओर पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने खाड़ी देशों को भी सीधे संकट में डाल दिया है। ऐसे समय में दिल्ली में होने वाला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन केवल आर्थिक सहयोग का मंच नहीं, बल्कि भारत की कूटनीतिक क्षमता का बड़ा प्रदर्शन भी बनने जा रहा है। ब्रिक्स में रूस, चीन, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर विरोधी हितों वाले देश एक साथ मौजूद होंगे।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आने से एक बार फिर पूरी दुनिया की नजर मोदी-पुतिन मुलाकात पर है। हाल ही में एससीओ सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से साफ कहा था कि अब युद्ध को आगे बढ़ाने की बजाय उसे खत्म करने का रास्ता तलाशना चाहिए। भारत और रूस के दशकों पुराने मजबूत रिश्तों के बीच मोदी का यह संदेश काफी महत्वपूर्ण है। अब ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी के पास एक और मौका होगा कि वह रूस के साथ अपनी दोस्ती कायम रखते हुए पुतिन को बातचीत और शांति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

हम आपको यह भी बता दें कि इस दिशा में भारत केवल रूस से बात नहीं कर रहा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर हाल में कीव गए और यूक्रेनी नेतृत्व के साथ बातचीत की थी। उन्होंने स्पष्ट किया था कि भारत रूस और यूक्रेन दोनों के संपर्क में है और युद्ध को समाप्त करने में उपयोगी विचारों पर काम करने के लिए तैयार है। यानी मोदी सरकार की रणनीति किसी एक पक्ष को चुनने की नहीं, बल्कि दोनों पक्षों से संवाद बनाए रखकर शांति की गुंजाइश बचाए रखने की है। नएस्थान तलाशें

वहीं पश्चिम एशिया में यही नीति और भी कठिन है। हालिया संघर्ष के दौरान ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के क्रम में बहरीन, कुवैत, कतर, ओमान, जॉर्डन और दूसरे देशों को भी अपनी सैन्य कार्रवाई के दायरे में ला दिया। ईरान का तर्क था कि वह अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है, लेकिन मिसाइल और ड्रोन उन देशों की संप्रभु सीमाओं के भीतर पहुंचे जहां ये ठिकाने मौजूद हैं। जुलाई में भी ईरान ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कार्रवाई जारी रखी।

यहीं मोदी की कूटनीति की असली परीक्षा सामने आती है। युद्ध के बीच उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से बातचीत की थी और साफ कहा था कि भारत सभी मुद्दों का समाधान संवाद और कूटनीति से चाहता है। साथ ही उन्होंने ऊर्जा और व्यापार के निर्बाध आवागमन तथा भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को भारत की प्राथमिकता बताया। दूसरी ओर उन्होंने यूएई, बहरीन, सऊदी अरब और कतर के नेताओं से अलग-अलग बातचीत कर उनके खिलाफ हुए हमलों की निंदा भी की थी। बहरीन के मामले में प्रधानमंत्री ने सीधे कहा था कि भारत हमलों की निंदा करता है और वहां के लोगों के साथ खड़ा है; सऊदी अरब और यूएई के संदर्भ में भी उन्होंने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन को गंभीरता से लिया था।

यही संतुलन मोदी की विदेश नीति की ताकत है। ईरान से संबंध भी चाहिए और खाड़ी अरब देशों का भरोसा भी; रूस से रणनीतिक साझेदारी भी बचानी है और पश्चिम से आर्थिक-तकनीकी रिश्ते भी मजबूत करने हैं। भारत के लिए यह केवल प्रतिष्ठा का सवाल नहीं है। पश्चिम एशिया में करोड़ों भारतीयों के हित, ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री व्यापार और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सीधे इससे जुड़ी है। मोदी ने ईरान से बातचीत में भी इसी व्यावहारिक प्राथमिकता को सामने रखा है।

साथ ही इस पूरे समीकरण में चीन को अलग करके देखना भी संभव नहीं है। शी जिनपिंग की भारत यात्रा सात वर्ष बाद हो रही है और दोनों देशों के बीच रिश्तों में सावधानी के साथ सुधार की कोशिश दिखाई दे रही है। सीमा पर तनाव कम करना, आर्थिक रिश्तों को नियंत्रित तरीके से आगे बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा के बावजूद संवाद बनाए रखना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता के लिए जरूरी है। इसलिए दिल्ली का ब्रिक्स सम्मेलन मोदी के लिए केवल शिखर सम्मेलन नहीं, बल्कि कूटनीतिक संतुलन का मंच है। एक ही मेज पर पुतिन, शी, पेजेश्कियान, सऊदी और यूएई नेतृत्व के बीच भारत यह दिखा सकता है कि रणनीतिक स्वायत्तता का अर्थ किसी खेमे से दूरी नहीं, बल्कि सभी से अपने हितों के आधार पर संवाद करने की क्षमता है।

देखा जाये तो दुनिया आज अलग-अलग खेमों में बंटी हुई है। ऐसे समय में मोदी की कूटनीति की सबसे बड़ी ताकत यही है कि भारत किसी एक पक्ष के साथ खड़ा होने की बजाय सभी से संवाद बनाए रखता है। रूस से युद्ध खत्म करने की अपील हो, यूक्रेन से बातचीत, ईरान से संपर्क, खाड़ी देशों के साथ मजबूत रिश्ते, पश्चिम के साथ साझेदारी या चीन से संवाद, भारत हर मोर्चे पर अपने हितों को साधते हुए रिश्ते आगे बढ़ा रहा है। यही संतुलित कूटनीति भारत को इस उथल-पुथल भरी दुनिया में अपनी स्वतंत्र और मजबूत जगह बनाने में मदद कर रही है।

## आज का राशिफल

### मेष
प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

### वृष
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

### मिथुन
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

### कर्क
जोखिम व जमानत के कार्य टालें, धैर्य रखें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

### सिंह
यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा।

### कन्या
नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

### तुला
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है।

### वृश्चिक
ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। भाइयों से कहासुनी हो सकती है। आय बनी रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में सहकर्मी विरोध कर सकते हैं।

### धनु
पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

### मकर
नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

### कुंभ
पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है।

### मीन
पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं कद्दू के बीज

कद्दू के बीज का सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। कद्दू के बीज से लेकर सब्जी तक सभी का सेवन फायदेमंद होता है लेकिन क्या आपको पता है कि स्किन के लिए भी कद्दू के बीज काफी फायदेमंद होते हैं। यह आपको अंदर से खूबसूरत बनाने में मदद करता है। इसके बीज त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ-साथ त्वचा की मरम्मत करने में भी मदद करते हैं। इतना ही नहीं कद्दू के बीज में पाए जाने वाले एंजाइम, विटामिन और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड होते हैं, जो डेड स्किन सेल्स को खत्म कर सकता है। इससे नए सेल्स बनने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। यह आपकी स्किन को स्मूदनिंग और ब्राइटनिंग बनाता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। अगर आप भी अपनी स्किन में अंदर से निखार लाना चाहते हैं, तो कद्दू के बीज का इस्तेमाल जरूर करें। इससे आपको काफी लाभ मिलता है।



**झुर्रियां कम करे :** स्किन का अच्छे से ख्याल न रखने पर आपकी स्किन में जल्दी झुर्रियां और फाइन लाइन्स आने लगते हैं। त्वचा में कसाव लाने के लिए आप कद्दू के बीज का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंजाइम और अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड आपकी स्किन का ढीलापन दूर करने में मदद करते हैं। यह आपकी सेल्स को जल्दी टर्नओवर करने में मदद करता है। इससे आपका चेहरा इतना सुंदर और चमकदार दिखाई देता है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए आप कद्दू के बीज के फेसमास्क बना सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज एक चम्मच, एक चम्मच हल्दी पाउडर और एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर एक अच्छा मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को अच्छे से अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15 मिनट बाद इसे धो लें।

**मुहांसों को ठीक करना :** कद्दू के बीज न केवल आपकी त्वचा में निखार लाते हैं बल्कि कील-मुहांसों को भी दूर करने में मदद करता है। इसमें भरपूर मात्रा में जिंक पाया जाता है, जो सीबम प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है। इससे आपके मुहांसे जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**कैसे करें इस्तेमाल:** इसके लिए आप कद्दू के बीच और गुलाब जल का पेस्ट मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। साथ ही इस पेस्ट को मुहांसे पर भी लगा सकते हैं, जिससे वह जल्दी ठीक हो सकते हैं। फिर इसे 10 मिनट बाद धो लें और त्वचा क्लीयर नजर आती है।

**त्वचा की रंगत में सुधार :** कद्दू के बीज में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें बीटा केरोटीन होता है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से डैमेज हुई स्किन को दूर करने और त्वचा की बनावट को सही करने में मदद करता है। इससे आपकी त्वचा टोन होती है और लचीलापन भी आता है। साथ ही इससे स्किन खूबसूरत नजर आती है।

**कैसे करें इस्तेमाल :** कद्दू के बीज को आप मॉइश्चराइजर की तरह भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप कद्दू के बीज पीसकर, नारियल तेल और दालचीनी मिलाकर एक पैक तैयार कर लें। फिर इस पैक का इस्तेमाल करें।

### दाग-धब्बे कम करे

चेहरे के ब्लैक स्पॉट्स आपके चेहरे की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं। इसे छिपाने के लिए हम कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन इससे आपको दाग-धब्बों से निजात नहीं मिलती है। लेकिन इसके लिए आप कद्दू के बीज का उपयोग काफी फायदेमंद होता है। इससे आप प्राकृतिक रूप से अपने मुहांसों के दाग-धब्बों को दूर कर सकते हैं।

### कैसे करें इस्तेमाल

डार्क स्पॉट्स ठीक करने के लिए आप एक चम्मच कद्दू के बीज, एक चम्मच शहद, एक चम्मच नींबू रस और विटामिन ई ऑयल मिलाकर एक अच्छा फेसपैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को चेहरे पर 15 मिनट के लिए सूखने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

### स्किन का पीएच स्तर बनाए रखे

कद्दू के बीजों को अल्काइन फार्मिंग में गिना जाता है, जो स्किन के पीएच स्तर को बनाए रखता है। इससे आपकी स्किन हाइड्रेट और सुंदर बनी रहती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

इसके लिए आप कद्दू के बीज को भिगोकर खा सकते हैं। इसके अलावा आप इसे पीसकर भी लगा सकते हैं।

# डायबिटीज रोगियों के लिए वरदान से कम नहीं है शहतूत, यह फायदे सुनते ही रोजाना खाएंगे

आजकल के लाइफस्टाइल की वजह से डायबिटीज रोग लोगों के बीच बेहद आम समस्या बनकर रह गया है। स्थिति यह है कि न सिर्फ अधिक उम्र के लोग बल्कि युवा और बच्चे भी आज डायबिटीज की चपेट में आ रहे हैं। यह एक ऐसा खतरनाक रोग है, जो शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। अगर आप भी इस समस्या से पीड़ित हैं तो शहतूत को अपनी डाइट का हिससा बना लीजिए। शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, शहतूत में डायबिटीज को कंट्रोल करने की क्षमता होती है। स्वाद में खट्टा-मीठा और रसीला यह फल डायबिटीज सहित कई बीमारियों के इलाज में मदद कर सकता है। सफेद शहतूत में फाइबर, विटामिन सी,आयरन सहित प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन ए जैसे तत्व भी भारी मात्रा में पाए जाते हैं।

**शहतूत कैसे कंट्रोल करता है डायबिटीज :** शहतूत की पत्तियों में डीएनजे नामक तत्व पाया जाता है, जो आंत में बनने वाले अल्फा ग्लूकोसाइडेज एनजाइम से मिलकर एक बॉन्ड बनाता है। यह बॉन्ड खून में शुगर की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसके अलावा डीएनजे लिवर में बनने वाले अतिरिक्त ग्लूकोज को भी नियंत्रित करता है। इसकी पत्ती में एकरबोस नामक कम्पोनेंट भी पाया जाता है, जो खाना खाने के बाद की शुगर को नियंत्रित करता है।

**शुगर कंट्रोल करने के लिए कैसे करें शहतूत का इस्तेमाल**



- सब्जी बनाकर या सलाद में खाएं।
- अगर आप इसे सब्जी या सलाद में नहीं खा सकते हैं तो दिन में एक बार मुंह में रख लें और चबाएं।
- चाय के रूप में आप शहतूत की पत्तियों का सेवन कर सकते हैं।

**मधुमेह ही नहीं अन्य रोगों में भी फायदेमंद है शहतूत-**

**मोटापा घटाए :** कई अध्ययनों से पता चला है कि शहतूत के पत्ते फैट बर्निंग और वेटलॉस के लिए एक प्राकृतिक उपचार है। एक अध्ययन के अनुसार, कई जानवरों में शहतूत की पत्तियों का अर्क पीने से उनका मोटापा और उससे जुड़े तमाम रोगों में कमी हुई।

**पाचन तंत्र :** शहतूत न सिर्फ हमारे डायजेशन सिस्टम को दुरुस्त रखता है, बल्कि इसमें डायबिटीज और कॉलेस्ट्रोल लेवल को बैलेंस करने की भी क्षमता होती है। इतना ही नहीं,शहतूत कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियों से भी राहत दिला सकता है।

### आयरन

शहतूत में मौजूद कार्बोहाइड्रेट खून में शुगर को ग्लूकोज में कन्वर्ट करने का काम करती है। इससे कोशिकाओं को ज्यादा एनेर्जी मिलती है। शहतूत से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ती है और टिशू को पर्याप्त ऑक्सीजन भी मिल पाता है।

### बालों का झड़ना

एक्सपर्ट कहते हैं कि शहतूत खाने से बाल झड़ने की समस्या भी दूर हो सकती है। ये फल कील, मुहांसे, ड्राय या सेंसिटिव स्किन के झंझट से भी मुक्ति दिला सकता है।

### घाव भरने के लिए

शहतूत के पत्तों को घाव या फोड़े पर लगाने से भी फायदा मिलता है। इसे घाव पर लगाने से घाव बहुत जल्दी भर जाते हैं।

## मनिका प्लास्टेक का आईपीओ आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मनिका प्लास्टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 11 सितंबर से खुलेगा। कंपनी ने प्रति इक्विटी शेयर 40 से 43 का मूल्य दायरा तय किया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 सितंबर को होगी, जबकि आम निवेशकों के लिए इश्यू 11 सितंबर से 16 सितंबर 2026 तक खुला रहेगा। निवेशक न्यूनतम 348 इक्विटी शेयर के लिए बोली लगा सकेंगे और इसके बाद 348 शेयरों के गुणकों में आवेदन किया जा सकेगा। प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य 2 है। इश्यू में 92.5 करोड़ तक का नया इश्यू और 76,74,418 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। फ्लोर प्राइस अंकित मूल्य का 20 गुना और कैप प्राइस 21.50 गुना है। कंपनी नए इश्यू से प्राप्त राशि का इस्तेमाल प्लांट व मशीनरी की खरीद के लिए पूंजीगत व्यय, कुछ कर्जों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतानध्पूर्व भुगतान और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। इश्यू के तहत अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी), कम से कम 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों और कम से कम 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए उपलब्ध रहेगा। क्यूआईबी हिस्से के 60 प्रतिशत तक हिस्से को एंकर निवेशकों को आवंटित किया जा सकता है। एंकर हिस्से में 33.33 प्रतिशत घरेलू म्यूचुअल फंड और 6.67 प्रतिशत जीवन बीमा कंपनियों व पेंशन फंडों के लिए आरक्षित रहेगा। आईपीओ के इक्विटी शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे, जिसमें बीएसई नामित स्टॉक एक्सचेंज होगा। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर है। एंकर निवेशकों को छोड़कर अन्य सभी निवेशकों के लिए एएसबीए प्रक्रिया के जरिए आवेदन करना अनिवार्य होगा। यूपीआई से आवेदन करने वाले निवेशकों को यूपीआई आईडी भी देनी होगी।

## सेंट्रल जेल में पूर्व विधायक के पास मिला मोबाइल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर सेंट्रल जेल में बंद बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के पास मोबाइल मिलने से जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जेल प्रशासन की ओर से सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान विचाराधीन बंदी बलजीत यादव के पास कैचोडा कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ। यादव ने मोबाइल को जमीन पर बिछाए कंबल के नीचे छिपा रखा था। जेल प्रशासन ने मोबाइल जब्त कर लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया है। जेल में गुरुवार को भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान अलग-अलग बंदियों के पास से 8 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इससे पहले भी जेल प्रशासन ने दो दिन पहले तलाशी के दौरान 13 मोबाइल फोन जब्त किए थे और संबंधित बंदियों के खिलाफ मामले दर्ज कराए थे। लगातार हो रही बरामदगी के बाद जेल प्रशासन की ओर से सर्च ऑपरेशन जारी है। एसआई श्याम सुंदर ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे जयपुर सेंट्रल जेल के वार्ड नंबर 5 में तलाशी अभियान चलाया गया था। तलाशी के दौरान वार्ड में बंद विचाराधीन बंदी बलजीत यादव के पास कैचोडा कंपनी का मोबाइल मिला। यादव ने मोबाइल को जमीन पर बिछाए कंबल के नीचे छिपा रखा था। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जेल में बंद रहने के दौरान बलजीत यादव मोबाइल के जरिए बाहर लोगों से बातचीत कर रहा था। जेल प्रहरी विष्णु की रिपोर्ट पर लालकोठी थाने में मामला दर्ज किया गया है। जब्त मोबाइल भी पुलिस को सौंप दिया गया है। मोबाइल जेल के अंदर कैसे पहुंचा और इसे बलजीत यादव तक किसने पहुंचाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस टीम जेल में बंद पूर्व विधायक से पूछताछ कर मोबाइल उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटाएगी। साथ ही जेल में रहते हुए उन्होंने किन-किन लोगों से मोबाइल के जरिए संपर्क किया, इसकी जानकारी के लिए मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी निकलवाई जाएगी। गौरतलब है कि बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव स्थानीय क्षेत्र विकास फंड के दुरुपयोग और गबन के मामले में जेल में बंद हैं। आरोप है कि बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के 32 सरकारी स्कूलों के लिए बैडमिंटन और क्रिकेट किट खरीदी गई थीं। जांच एजेंसियों के अनुसार खेल सामग्री की खरीद निर्धारित कीमत से करीब ढाई से तीन गुना अधिक कीमत पर कर सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया और विधायक कोष से सामान की आपूर्ति में करीब 3.72 करोड़ रुपए का घोटाला किया गया। मामले में टेंडर देने वाली फर्मों की ओर से फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल के आरोप भी सामने आए थे। बालाजी कम्पलीट सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, सूर्या एंटरप्राइजेज, राजपूत स्पोर्ट्स एंटरप्राइजेज और शर्मा स्पोर्ट्स एंटरप्राइजेज के संचालकों के साथ शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों को भी आरोपी बनाया गया था। एसीबी ने 12 दिसंबर 2024 को बलजीत यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। एसीबी की कार्रवाई के दौरान खेल सामग्री भी बरामद की गई थी। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी मामले में अभियोजन शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। ईडी ने 3 फरवरी 2026 को बलजीत यादव को गिरफ्तार किया था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने उन्हें 7 फरवरी को जयपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। अब जेल में उनके पास मोबाइल मिलने के बाद पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मोबाइल किसके जरिए अंदर पहुंचा और उन्होंने जेल में रहते हुए किन लोगों से संपर्क किया।

## नगरपालिका चुनाव के चलते कृषि उपज मंडी में आज नीलामी रहेगी बंद

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नगरपालिका नोखा क्षेत्र में 11 सितंबर को होने वाले मतदान को लेकर कृषि उपज मंडी समिति नोखा ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। मंडी समिति के अनुसार कच्ची आढ़त व्यापार संघ नोखा की ओर से अवगत कराया गया कि मंडी यार्ड नगरपालिका नोखा के क्षेत्राधिकार में आता है और समस्त व्यापारियों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किया जाना है। इसके मद्देनजर 11 सितंबर को कृषि जिंसों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण रूप से बंद रहेगी। मंडी समिति ने संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नीलामी बंद रहने की सूचना किसानों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं, ताकि किसानों को मंडी में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मंडी समिति नोखा द्वारा जारी कार्यालय आदेश में बताया गया कि 11 सितंबर को मंडी में कृषि जिंसों की नीलामी नहीं होगी, जबकि इसके अगले दिन से मंडी की सामान्य गतिविधियां निर्धारित व्यवस्था के अनुसार संचालित होने की संभावना है।

## विश्व रोग सुरक्षा दिवस 14 से

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 14 से 20 सितम्बर तक विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत गैर संचारी (एनसीडी) की स्क्रीनिंग एवं रोगी सुरक्षा संबंधी विशेष अभियान चलाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि सैफकेयर फोर नान कम्यूनिकेबल डिजीज थीम पर गतिविधियों की जाएगी। उन्होंने बताया कि संस्थानों पर एनसीडी स्क्रीनिंग की जाएगी और आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# सेंट्रल पार्क से सीए का फिल्मी अंदाज में अपहरण, नकली पिस्टल-चाकू की नोक पर ले गए बदमाश

## चलती मर्सिडीज से तीन बार की कूदने की कोशिश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में गुरुवार सुबह अशोक नगर थाना इलाके में स्थित सेंट्रल पार्क की पार्किंग से शहर के जाने-माने चार्टर्ड अकाउंटेंट राजीव गुप्ता का दो नकाबपोश बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में अपहरण कर लिया। बदमाश नकली पिस्टल और चाकू की नोक पर उन्हें उनकी ही मर्सिडीज कार में बैठाकर दिल्ली रोड की ओर ले गए। रास्ते में गुप्ता ने चलती कार से कूदकर बचने की तीन बार कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने हथियार दिखाकर उन्हें वापस खींच लिया। पीली की तलाई मोड़ के पास तेज रफ्तार मर्सिडीज एक बाइक से टकराकर सड़क किनारे नाले में पलट गई। हादसे के बाद दोनों बदमाश कार से निकलकर पास की पहाड़ियों की ओर भाग गए। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। कार में मौजूद सीए राजीव गुप्ता को लोगों ने पहले बदमाश समझ लिया और उन्हें घेर लिया। गुप्ता ने किसी तरह लोगों को बताया कि वे खुद अपहरण के शिकार हुए हैं। सूचना पर पहुंचे आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने उन्हें भीड़ से बचाकर सुरक्षित थाने पहुंचाया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त मर्सिडीज को नाले से



बाहर निकलवाया। कार से नकली पिस्टल और चाकू बरामद किया गया है।

### मॉर्निंग वॉक के बाद कार में घुसे बदमाश

आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा के अनुसार राजीव गुप्ता रोजाना सुबह सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं। गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे वे पार्क पहुंचे थे। करीब एक घंटे बाद 7:30 बजे गेट नंबर-4 से बाहर निकलकर अपनी मर्सिडीज में बैठने लगे। जैसे ही उन्होंने कार का गेट खोला, एक नकाबपोश बदमाश नकली पिस्टल लेकर पीछे की सीट पर बैठ गया। इसी दौरान दूसरे बदमाश ने उन्हें ड्राइविंग सीट से धक्का दिया और चाकू की नोक पर खुद सीट संभाल ली। पीछे बैठे बदमाश ने गुप्ता पर पिस्टल तान दी। दोनों बदमाशों ने उन्हें धमकाया कि शोर मचाने या विरोध करने पर जान से मार देंगे। इसके बाद वे गुप्ता को धमकाते हुए कार को आमेर और फिर दिल्ली रोड की तरफ ले गए। बताया जा रहा है कि आरोपियों को मर्सिडीज चलाने का ज्यादा अनुभव नहीं था। वे रास्ते में कार के संचालन को लेकर गुप्ता से जानकारी लेते रहे। इस दौरान उनके साथ हाथापाई भी हुई।

### तीन बार चलती कार से कूदने की कोशिश

बदमाशों के कब्जे में आने के बाद गुप्ता का ब्लड प्रेशर बढ़ गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें अपनी जान खतरे में लग रही थी। इसी वजह से उन्होंने चलती कार से कूदकर बचने का प्रयास किया। उन्होंने करीब तीन बार कार से बाहर निकलने की कोशिश की, लेकिन पीछे बैठे बदमाश ने पिस्टल और चाकू की नोक पर उन्हें पकड़कर वापस खींच लिया।

दिल्ली रोड पर पीली की तलाई मोड़ के पास गुप्ता ने एक बार फिर जान बचाने का प्रयास किया। उन्होंने चलती कार का दरवाजा खोलकर पैर बाहर लटका दिए और जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाने लगे। इससे कार चला रहा बदमाश विचलित हो गया। इसी दौरान तेज रफ्तार मर्सिडीज आगे चल रही बाइक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। इसके बाद बेकाबू कार सड़क किनारे नाले में पलट गई।

### अशोक नगर थाने में दर्ज हुई एफआईआर

आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने सीए से घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद बताया कि घटना की शुरुआत सेंट्रल पार्क क्षेत्र से हुई है, जो अशोक नगर थाना क्षेत्र में आता है। इसलिए गुप्ता को एफआईआर अशोक नगर थाने में दर्ज कराने के लिए कहा गया। आमेर थाना पुलिस ने घटना के बाद आसपास के इलाके में नाकाबंदी भी करवाई। पुलिस के अनुसार कार में कुल तीन लोग थे-दो नकाबपोश बदमाश और सीए राजीव गुप्ता। दोनों आरोपियों की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वे दोनों आरोपियों को पहचानते नहीं हैं और उनकी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है। गुप्ता की रिपोर्ट पर अशोक नगर थाने में अपहरण, जानलेवा हमला और मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### पार्क से आमेर तक सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

जयपुर साउथ एसीपी डॉ पूनम ने बताया सीए की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उनके द्वारा बताए गए घटनाक्रम के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पार्क से लेकर आमेर तक के पूरे रास्ते के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। अशोक नगर और आमेर थाना पुलिस की टीमें संयुक्त रूप से सेंट्रल पार्क से लेकर दिल्ली रोड और पीली की तलाई तक के पूरे रूट के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। बदमाशों के हुलिए, गतिविधियों और उनके भागने के रास्ते के आधार पर पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हादसे के बाद पहाड़ियों में भागे

कार के पलटते ही दोनों बदमाश खिड़की से बाहर निकले और पास की पहाड़ियों की ओर भाग गए। आसपास के लोगों ने उनका पीछा किया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। कार में राजीव गुप्ता को देखकर लोगों ने उन्हें ही बदमाश समझ लिया और घेर लिया। गुप्ता ने लोगों को बताया कि उनका अपहरण किया गया था और वे जान बचाने के लिए कार से निकलने का प्रयास कर रहे थे। सूचना पर आमेर थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा मौके पर पहुंचे और गुप्ता को भीड़ से बचाया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें नकली पिस्टल और चाकू बरामद हुआ। हादसे में घायल बाइक सवार को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से नाले से बाहर निकलवाया गया।

### रोजाना की दिनचर्या की बदमाशों को थी जानकारी

पुलिस को आशंका है कि बदमाशों ने राजीव गुप्ता की पहले से रेकी की हो सकती है। गुप्ता रोजाना करीब 6:30 बजे सेंट्रल पार्क में मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं और करीब 7:30 बजे गेट नंबर-4 से बाहर निकलते हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या बदमाशों को उनकी नियमित दिनचर्या की पहले से जानकारी थी।

### गेट नंबर-4 के सीसीटीवी लंबे समय से खराब

घटना के बाद सेंट्रल पार्क की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। जिस गेट नंबर-4 से सीए का अपहरण किया गया, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब बताए जा रहे हैं। सेंट्रल पार्क में मुख्यमंत्री सहित कई वीआईपी मॉर्निंग वॉक और अन्य कार्यक्रमों के लिए आते हैं। पार्क के एक ओर सचिवालय और हाईकोर्ट जैसे महत्वपूर्ण संस्थान भी स्थित हैं।

इसके बावजूद पार्क के महत्वपूर्ण प्रवेश-निकास बिंदु पर सीसीटीवी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अब आसपास के अन्य कैमरों के फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने में जुटी है।

# 2 हजार 256 बूथों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां, नगर निगम के 150 वार्डों में आज होगा मतदान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए गुरुवार को सीकर रोड स्थित श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी से 2 हजार 256 मतदान दलों को बूथों के लिए रवाना किया गया। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उन्हें ईवीएम सहित चुनाव सामग्री उपलब्ध कराकर निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान दल शाम तक अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं संभाल लेंगे। मतदान दलों की रवानगी के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर संदेश नायक सहित पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन की ओर से सभी 2 हजार 256 पोलिंग पार्टियों को बूथों तक पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी की गई थी।

### पहली पारी में पांच विधानसभा क्षेत्रों के दल रवाना

श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी से पहली पारी में बगरू, सांगानेर, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा और हवामहल विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दलों को रवाना किया गया। वहीं दूसरी पारी में मालवीय नगर, आदर्श नगर, किशनपोल, सिविल लाइन्स और आमेर विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए भेजा गया। रवानगी से पहले मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर ही ईवीएम मशीन और अन्य चुनाव सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। प्रशासन ने मतदान दलों के लिए परिवहन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।

### सुबह 7 से शाम 7 बजे तक मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने बताया कि शुक्रवार को जयपुर नगर निगम क्षेत्र के 150 वार्डों में पार्षद पद के लिए मतदान होगा। इसके लिए नगर निगम क्षेत्र में 2256 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। मतदान दल गुरुवार शाम तक अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान शुक्रवार सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 7 बजे तक चलेगा। मतदान समाप्त होने के बाद मतदान दल ईवीएम मशीनों को निर्धारित स्ट्रांग रूम में जमा कराएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम चुनाव के दौरान अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में 155 बूथों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। प्रशासन और पुलिस की ओर से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



### मतदान प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

कलेक्टर संदेश नायक ने कहा कि प्रशासन की ओर से मतदान को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मतदाता जागरूकता अभियान का असर मतदान प्रतिशत पर दिखाई देगा और इस बार पिछला मतदान रिकॉर्ड टूट सकता है। उन्होंने शुक्रवार को नगर निगम चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है।

# आवाजों की नायाब दुनिया से रूबरू हुए विद्यार्थी

## उमेश राव की मिमिक्री पर गूंजती रहीं तालियां



निसं

**पाटन ( नवयत्न )।** राजकीय महाविद्यालय पाटन में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कौशल विकास प्रशिक्षण के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध वॉइस आर्टिस्ट उमेश राव ने अपनी आवाज की कला का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मदन लाल मीणा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पारंपरिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान और कौशल विकास भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य रीतु शर्मा ने किया। मुख्य आकर्षण वॉइस आर्टिस्ट उमेश राव रहे। उन्होंने घुंघरू की खनक, विभिन्न जानवरों की आवाजों और प्राकृतिक तूफान की ध्वनियों को अपनी आवाज के जरिए जीवंत कर दिया। इसके अलावा उन्होंने देश के प्रमुख राजनेताओं और प्रसिद्ध अभिनेताओं की आवाजों की हूबहू मिमिक्री प्रस्तुत की। उनकी प्रस्तुतियों पर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने जमकर तालियां बजाई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल को बढ़ावा देना तथा वॉइस आर्ट, मिमिक्री और अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में रोजगार व करियर की संभावनाओं से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के सरकारी चिकित्सालयों में गुरूवार को गर्भवती महिलाओं के नाम रहा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मनाए गए एमएमएसएम दिवस के तहत चिकित्सालयों में चिकित्सकों ने गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच कर गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं के देखभाल की जानकारी दी। वहीं विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने चिकित्सालयों पर जाकर निरीक्षण किया और गर्भवती को दी गई सेवाओं व सुविधाओं को परखा। उन्होंने अस्पताल की साफ सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, जांचों की स्थिति व उपकरणों का रखरखाव, स्टाफ की उपस्थिति और अस्पताल के भवन सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है, लेकिन इस बार निकाय चुनाव के मद्देनजर गुरूवार को दिवस मनाया गया। सभी जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती व शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम करने के लिए जांच हुई। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि अस्पतालों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की गई। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए, ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

# जयपुर में निकाय चुनाव आज : 150 वार्डों में 723 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में होगा बंद

## 18 वार्डों में सीधा मुकाबला, वार्ड 62 में सबसे ज्यादा 13 प्रत्याशी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में पार्षद चुनने के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। चुनाव मैदान में 723 प्रत्याशी हैं, जिनके जीत-हार का फैसला 24 लाख 33 हजार 121 मतदाता करेंगे। इस मतदान के लिए जिला निर्वाचन शाखा ने 2 हजार 256 पोलिंग बूथ बनाए हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को निर्धारित स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाएगा। चुनाव परिणाम 14 सितंबर को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद नगर निगम में महापौर और उप महापौर के चुनाव की प्रक्रिया होगी। महापौर पद के लिए 21 सितंबर और उप महापौर पद के लिए 22 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा। ऐसे में शुक्रवार का मतदान जयपुर नगर निगम की नई राजनीतिक तस्वीर तय करने वाला होगा।

### भाजपा-कांग्रेस के 149-149 प्रत्याशी

150 वार्डों में प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस के 149-149 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं 425 प्रत्याशी निर्दलीय अथवा राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान के साथ ही सभी 723 प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में बंद हो जाएगा।

### 18 वार्डों में सीधा मुकाबला

नगर निगम चुनाव में 18 वार्ड ऐसे हैं, जहां केवल दो-दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इन वार्डों में सीधे मुकाबले में जीत-हार का फैसला होगा। इनमें वार्ड नंबर 41, 42, 45, 49, 52, 53, 60, 83, 90, 91, 94, 122, 123, 129, 131, 142 और 150 शामिल हैं। वहीं 35 वार्डों में तीन-तीन प्रत्याशी मैदान में हैं, जिससे इन वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बनी हुई है।

### वार्ड 62 में सबसे ज्यादा 13 प्रत्याशी

जयपुर नगर निगम के वार्ड नंबर 62 में सबसे ज्यादा 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा चार वार्ड ऐसे हैं, जहां 10 से अधिक प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। ऐसे वार्डों में निर्दलीय और अन्य दलों के प्रत्याशी प्रमुख दलों के समीकरणों को प्रभावित कर सकते हैं।

### 50 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

नगर निगम के 150 वार्डों में से 50 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। आरक्षण के चलते इन वार्डों में महिला प्रत्याशियों के बीच मुकाबला है। चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या भी महत्वपूर्ण रहेगी।

### 12.61 लाख पुरुष मतदाता

जयपुर नगर निगम क्षेत्र में कुल 24 लाख 33 हजार 121 मतदाता हैं। इनमें 12 लाख 61 हजार 380 पुरुष, 11 लाख 71 हजार 649 महिला और 92 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। यानी कुल मतदाताओं में पुरुषों की संख्या महिला मतदाताओं से अधिक है।

### 2256 बूथ, 652 क्रिटिकल

मतदान के लिए नगर निगम क्षेत्र में कुल 2256 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इनमें 652 बूथ क्रिटिकल श्रेणी में हैं। इन बूथों पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन और पुलिस की ओर से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के लिए मतदान दलों की रवानगी, ईवीएम और चुनाव सामग्री सहित आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

### 14 सितंबर को खुलेगा परिणाम का पिटारा

शुक्रवार को मतदान के बाद सभी ईवीएम को निर्धारित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। 14 सितंबर को मतगणना के बाद 150 वार्डों के परिणाम घोषित होंगे। इसके बाद महापौर और उप महापौर के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। महापौर का चुनाव 21 सितंबर और उप महापौर का चुनाव 22 सितंबर को होगा।

# जीवन को अवसर

नवयत्न।

क्या आपने कभी सोचा है, कोई व्यक्ति जो अपना जीवन समाप्त करने के प्रयास में विफल हो जाता है, वह लगातार ऐसा क्यों नहीं करता रहता  इसके बजाय, ज्यादातर मामलों में वह अपने प्रयास पर पछतावा महसूस करता है। साधारणतः  जब कोई व्यक्ति किसी कार्य को पूरा करने के लिए अथक प्रयास करता है, तो वह सफल होने तक उसे दोहराता रहता है, लेकिन आत्महत्या के प्रयास के साथ ऐसा नहीं होता। इसका अर्थ है कि आत्महत्या का उद्देश्य जीवन को समाप्त करना नहीं, बल्कि पीड़ा, असहायता और निराशा को समाप्त करना है।

90 प्रतिशत से अधिक लोग जो आत्महत्या के प्रयास के बाद जीवित बच जाते हैं, वे आगे चलकर आत्महत्या से नहीं मरते - यह केवल एक आँकड़ा नहीं है। यह मानव स्वभाव की एक गहरी अंतर्दृष्टि है। यह हमें बताता है कि मरने की इच्छा कोई स्थायी निर्णय नहीं है, बल्कि एक अस्थायी स्थिति है, एक तुफान है जो अगर सहानुभूति और देखभाल से बाधित हो जाए, तो गुजर जाता है, और जीने की गहरी जैविक प्रवृत्ति को खुद को पुनः प्राप्त करने की अनुमति देता है। यह विरोधाभास ही हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया को परिभाषित करना चाहिए। बहुत लंबे समय से, आत्महत्या पर दबी जुबान में, व्यक्तिगत कमजोरी या पारिवारिक शर्म की बात के रूप में चर्चा की जाती रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़े मांग करते हैं कि हम इस चुप्पी को तोड़ें। भारत में एक साल में 1,70,746 लोगों ने आत्महत्या से जान गंवाई, दर प्रति लाख 12.2 रही। बोझ अत्यधिक युवाओं पर है : मरने वालों में 65 प्रतिशत लोग 18 से 45 वर्ष के बीच के थे। वह आंकड़ा जो हर नीति-निर्माता, माता-पिता और शिक्षक को चिंतित करना चाहिए वह यह है . 14,488 छात्र थे, जो कुल आत्महत्याओं का 8.5 प्रतिशत  है। प्रमुख ट्रिगर के रूप में पारिवारिक समस्याएं (33.5 प्रतिशत), बीमारी (17.9 प्रतिशत), करियर और परीक्षा में असफलता सूचीब हैं, जो दर्शाता है कि संकट केवल चिकित्सीय नहीं, बल्कि गहरा सामाजिक और संरचनात्मक भी है। आत्महत्या मृत्यु की इच्छा से नहीं, बल्कि इस तीव्र भावना से प्रेरित होती है कि असहनीय दर्द से बाहर निकलने का कोई और रास्ता नहीं है। भारतीय संदर्भ में, यह भावना अनूठे दबावों से बढ़ जाती है . लोग क्या कहेंगे का डर, शैक्षणिक रैंक को आत्म-मूल्य के साथ जोड़ना, और पारिवारिक सम्मान को बनाए रखने के लिए भावनात्मक संकट को दबाने की सांस्कृतिक आदत।

## हमारे सामूहिक व्यवहार में एक निर्णायक बदलाव : आज की जरूरत

आत्महत्या के बारे में सबसे दिलचस्प तथ्य यह है कि इसे रोका जा सकता है, बशर्ते हमें संकेतों को देखना सिखाया जाए। व्यक्ति इस चरम कदम को उठाने से पहले संकेत देता है (अक्सर बहुत मजबूत)। ध्यान दें कि वे क्या कहते हैं : मैं मरना चाहता हूँ, काश मैं मर जाता, सब मेरे बिना बेहतर रहेंगे, बोझ होने की बात-मुझसे कुछ नहीं होता, नराशा की बात-अब कुछ नहीं हो सकता, असामान्य रूप से अलविदा कहना।

**ध्यान दें कि वे क्या करते हैं :** दोस्तों, परिवार से दूरी बनानाए गहरे अवसाद के बाद अचानक शांत हो जानाए अपनी प्रिय चीजें दे देना, नशे का सेवन बढ़ना, साधन खोजना, नींद-भूख में बदलाव।

**ध्यान दें कि वे कैसा महसूस करते हैं:** अत्यधिक निराशा, लाचारी, फंसा हुआ महसूस करना, पसंदीदा चीजों में रुचि खो देना।

## हम क्या कर सकते है

1. **पूछने को सामान्य बनाएं :** यह खतरनाक मिथक कि आत्महत्या के बारे में पूछने से विचार आता है, इसे खत्म करना होगा। साक्ष्य स्पष्ट हैं: सीधे पूछना-क्या आप खुद को नुकसान पहुँचाने के बारे में सोच रहे हैं । राहत देता है, जोखिम नहीं।
2 **सुनना सीखें :** संकट पर हमारी डिफॉल्ट प्रतिक्रिया तुलनात्मक भाषण और अनचाही सलाह है। जरूरत है बिना शर्त, बिना जज किए सक्रिय रूप से सुनने की।
3. **प्रदर्शन से मूल्य को अलग करना :** परिवारों और संस्थानों को ऐसा माहौल बनाना होगा जहाँ व्यक्ति बिना किसी संदेह के जाने कि उसका जीवन किसी भी मार्कशीट से अधिक मूल्यवान है।
4. **प्रयास के बाद की खिड़की को सुरक्षित करना :** जबकि जीवित बचना एक लंबे जीवन का मजबूत भविष्यवक्ता है, पहले तीन महीने उच्च भेद्यता की अवधि बने रहते हैं।

इस विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 10 सितंबर पर, आह्वान केवल काउंसलरों के लिए नहीं, बल्कि करुणा के लिए है। जीवित रहने का विज्ञान एक सुकून देने वाला, शक्तिशाली सत्य प्रदान करता है-जब सुरक्षा और प्यार की एक छोटी सी खिड़की भी दी जाती है, तो मानव मन भारी रूप से रहने का विकल्प चुनता है। यह समय है कि हमारा समाज वह खिड़की देना सीखे।



लेखिकाः प्रो. पायल चंदेल, मनोविज्ञान विभाग, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय



# भारतीय महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 19-0 से हराया

## जूनियर एशिया कप में सबसे बड़ी जीत, पूजा की हैट्रिक; सेमीफाइनल में पहुंची डिफेंडिंग चैंपियन

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पाकिस्तान पर 19 गोल मारकर रिकॉर्ड जीत दर्ज की। पाकिस्तानी टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। यह महिला जूनियर हॉकी में भारत की सबसे बड़ी जीत है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने गुरुवार को जूनियर एशिया कप के क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने पहले हाफ में 10 और दूसरे हाफ में 9 गोल किए।

भारत की पूजा मलिक ने हैट्रिक लगाई। सानिका चंद्रकांत माने, मधु सिदार और सुप्रिया ने 2-2 गोल किए। रोशनी ऐंद ने भी 2 गोल किए।

### पहले हाफ में 10 गोल, पूजा मलिक की हैट्रिक

भारत ने पहले ही क्वार्टर में 5 गोल कर दिए थे। पूजा साहू ने 7वें मिनट में खाता खोला, रोशनी ऐंद ने 9वें, तनुश्री दिनेश कडू ने 11वें, सुखवीर कौर ने 13वें और सानिका माने ने 13वें मिनट में गोल किया। दूसरे क्वार्टर में मधु सिदार, गीता यादव, सानिका माने, तनुजा टोप्पो और पूजा मलिक ने गोल किए। इससे हाफ टाइम तक भारत 10-0 से आगे था। पूर्णिमा यादव, मधु सिदार और सुप्रिया ने तीसरे क्वार्टर में गोल किए। आखिरी क्वार्टर में कृष्णा शर्मा, पूजा मलिक, सुप्रिया, बिनीमा धन और रोशनी ऐंद ने गोल दागे। पूजा मलिक ने 49वें और 51वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। रोशनी ने 60वें मिनट में भारत का 19वां गोल किया।

### भारत को 18 पेनल्टी कॉर्नर मिले

भारत ने पूरे मैच में 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया। पाकिस्तान को पूरे मैच में न गोल मिला, न पेनल्टी कॉर्नर और न ही पेनल्टी स्ट्रोक।

# कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

## एलिना रायबकिना नई वर्ल्ड नंबर-1 बनीं, एलेक्जेंडर ज्वेरेव भी अंतिम-4 में पहुंचे

यूएस ओपन टेनिस के विमेंस सिंगल्स में कोको गॉफ और एलेना रायबकिना सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं, जबकि मेंस सिंगल्स में एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अंतिम-4 में जगह बना ली है। गॉफ ने मिर्रा एंड्रीवा को हराया, वहीं रायबकिना ने झेंग किनवेन को 3-6, 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ रायबकिना पहली बार वर्ल्ड नंबर-1 बनीं। अब सेमीफाइनल में गॉफ और रायबकिना आमने-सामने होंगी।


### गॉफ ने वापसी कर दो मैच पॉइंट बचाए

विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में गॉफ ने पहला सेट 2-6 से गंवा दिया था। दूसरे सेट के टाईब्रेक में वह दो मैच पॉइंट पर थीं, लेकिन दोनों बचाकर सेट अपने नाम किया। इसके बाद निर्णायक सेट में उन्होंने एंड्रीवा को 6-2 से हराकर मुकाबला जीत लिया।

यह गॉफ का यूएस ओपन में दूसरी बार महिला सिंगल्स सेमीफाइनल है। अब उनका सामना दूसरी रायबकिना से होगा।

### रायबकिना ने पहली बार नंबर-1 रैंकिंग हासिल की

रायबकिना ने झेंग के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद लगातार दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही वह विमेंस टेनिस की नई वर्ल्ड नंबर-1 बन गईं। वह इस रैंकिंग तक पहुंचने वाली कजाकिस्तान की पहली खिलाड़ी हैं। रायबकिना अब अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ खेलेंगी। इस साल वह ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीत चुकी हैं।



### 2009 के बाद पहली बार टॉप-4 विमेंस प्लेयर्स सेमीफाइनल में

यूएस ओपन महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में इस बार चारों टॉप-4 खिलाड़ी पहुंची हैं। नई वर्ल्ड नंबर-1 एलेना रायबकिना के अलावा आर्यना सबालेंका दूसरे, जेसिका पेगुला तीसरे और कोको गॉफ चौथे नंबर पर हैं। किसी ग्रैंड स्लैम में ऐसा 2009 के विंबलडन के बाद पहली बार हुआ है।

### पुरुष सिंगल्स में शेल्टन वीएस टियाफो

यूएस ओपन के मेंस सिंगल्स में अमेरिका के बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। यह ओपन एरा में किसी ग्रैंड स्लैम के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में दो अश्वेत अमेरिकी खिलाड़ियों की पहली भिड़ंत होगी। शेल्टन ने क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन कार्लोस अल्काराज को पांच सेट में हराया था। यह मुकाबला रात 3:33 बजे खत्म हुआ, जो यूएस ओपन इतिहास का सबसे देर से खत्म होने वाला मैच बना।

### ज्वेरेव वीएस खाचानोव के बीच दूसरा सेमीफाइनल

मेन्स के दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना रूस के करेन खाचानोव से होगा। खाचानोव को एलेक्जेंडर ब्लॉक्स के रिटायर होने के बाद सेमीफाइनल में जगह मिली, जबकि ज्वेरेव ने बोटिक वान डे जैंडशुल्प को हराकर अंतिम-4 में प्रवेश किया।

# हर्षित राणा की जगह यश ठाकुर भारतीय टीम में शामिल

## अफगानिस्तान टी-20 सीरीज, एशियन गेम्स में मौका; बुमराह और नीतीश फिट घोषित



भारतीय तेज गेंदबाज यश ठाकुर को अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज और एशियन गेम्स में मौका मिला है। उन्हें चोटिल हर्षित राणा की जगह दोनों स्क्वॉड में शामिल किया गया है। हर्षित हैमस्ट्रिंग चोट से पूरी तरह नहीं उबर सके हैं। उन्होंने भारत के लिए अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच इंग्लैंड दौरे पर खेला था। बीसीसीआई ने गुरुवार को टीम में बदलाव की पुष्टि की।

### इंग्लैंड दौरे पर खेला था आखिरी मैच

हर्षित राणा ने भारत के लिए अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच इंग्लैंड दौरे पर खेला था। इसके बाद से वे चोट के कारण टीम से बाहर हैं।

राणा को वॉशिंगटन सुंदर जैसी हैमस्ट्रिंग चोट लगी है। हालांकि, सुंदर अब फिट हो चुके हैं और उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए फिट घोषित किया गया है।

### यश ठाकुर ने जिम्बाब्वे दौरे पर किया था डेब्यू

27 साल के यश ठाकुर विदर्भ के तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने जुलाई में भारत के जिम्बाब्वे दौरे पर अपना टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था। यश ने इस दौरे पर दो मैच खेले और चार विकेट लिए। घरेलू टी-20 में भी उनका रिकॉर्ड अच्छा है। उन्होंने 50 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैचों में 81 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 7.04 रहा है।

### बुमराह और नीतीश भी फिटनेस के आधार पर टीम में

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को भी अफगानिस्तान सीरीज के लिए फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया है। बुमराह बाएं घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। वह जुलाई में भारत के इंग्लैंड दौरे के बाद से क्रिकेट से दूर हैं। वहीं, नीतीश रेड्डी क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं। बीसीसीआई सूत्र के मुताबिक, बुमराह और नीतीश दोनों की वापसी सही दिशा में है।

### अफगानिस्तान सीरीज के बाद एशियन गेम्स

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीनों टी-20 मैच दिल्ली में 13 सितंबर से खेले जाएंगे। इसके बाद भारतीय टीम 22 सितंबर को टोक्यो में जापान के खिलाफ एकमात्र मैच खेलेगी। इसके बाद भारत 28 सितंबर से एशियन गेम्स में अपना अभियान शुरू करेगा।

# ईस्ट जोन तीसरी बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन

## साउथ जोन के खिलाफ फाइनल ड्रॉ रहा, कप्तान ईशान का दोहरा शतक

ईस्ट जोन तीसरी बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है। चेन्नई में साउथ जोन के खिलाफ फाइनल ड्रॉ रहा, लेकिन पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन को विजेता घोषित किया गया। ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 708 रन बनाए थे। कप्तान ईशान किशन ने दोहरा शतक लगाया। जवाब में साउथ जोन की टीम 336 रन पर ऑलआउट हो गई। ईस्ट जोन को पहली पारी में 372 रन की बढ़त मिली। इसके बाद ईस्ट जोन ने दूसरी पारी में 7 विकेट पर 388 रन बनाए और कुल बढ़त 760 रन तक पहुंचाई। दूसरी पारी में भी कप्तान ईशान किशन ने 80 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### ईस्ट जोन 14 साल बाद खिताब जीता

ईस्ट जोन ने इससे पहले 2011-12 और 2012-13 में दलीप ट्रॉफी जीती थी। 2011-12 में टीम ने फाइनल में सेंट्रल जोन को पारी और 20 रन से हराया था। वहीं, 2012-13 का फाइनल ड्रॉ रहा था और पहली पारी में बढ़त के आधार पर ईस्ट जोन चैंपियन बना था। अब टीम ने 14 साल बाद तीसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की।

### ईस्ट जोन की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही

ईस्ट जोन की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 रन के स्कोर तक अभिमन्यु ईश्वरन और वैभव सूर्यवंशी के विकेट गंवा दिए। इसके बाद शिखर मोहन ने 52 और ईशान किशन ने 80 रन बनाकर पारी को संभाला। कुमार कुशाग्र ने 46 रन बनाए। अनुकूल राय ने 64 रन की पारी खेली, जबकि एमडी कौनैन कुरैशी 116 रन बनाकर नाबाद रहे।

### ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए

ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन का बड़ा स्कोर बनाया। कप्तान ईशान किशन ने 270 रन की पारी खेली। कुमार कुशाग्र ने 101, शिखर मोहन ने 85 और अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने 44 रन का योगदान दिया।

### साउथ जोन 336 रन पर सिमटी

708 रन के जवाब में साउथ जोन की पहली पारी 336 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कप्तान तिलक वर्मा ने 99 और देवदत्त पडिक्कल ने 62 रन बनाए। चामा मिलिंद ने 43 और नारायण जगदीशन ने 32 रन का योगदान दिया। ईस्ट जोन के लिए मुकेश कुमार ने 3 और मोहम्मद शमी ने 2 विकेट लिए।

### ईशान सीजन के टॉप स्कोरर

दलीप ट्रॉफी 2026 में ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने 3 मैचों में 409 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 270 रन रहा। साउथ जोन के तिलक वर्मा 266 रन के साथ दूसरे और ईस्ट जोन के कुमार कुशाग्र 224 रन के साथ तीसरे नंबर पर रहे।



# एशियन गेम्स से पहले डोपिंग के दो मामले : 17 साल के तैराक पर 18 महीने का बैन, एशियाड से बाहर

एशियन गेम्स से पहले भारत के दो खेलों में डोपिंग के मामले सामने आए हैं। 17 साल के एक भारतीय तैराक पर प्रतिबंधित टरबुटालाइन मिलने के बाद 18 महीने का बैन लगाया गया है, जिससे वह एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं ले सकेगा। वहीं ग्रीको रोमन पहलवान दीपक के 31 मई को लिए गए यूरिन सैंपल में प्रतिबंधित क्लोमीफीन मिला है। दीपक का मामला अभी डोपिंग रोधी प्रक्रिया में है और उन पर फिलहाल अस्थायी निलंबन नहीं लगाया गया है। दोनों खिलाड़ी एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई कर चुके थे। तैराक ने दो इवेंट के लिए जगह बनाई थी, जबकि दीपक ने 31 मई को लखनऊ में हुए चयन ट्रायल में जीत हासिल कर टीम में जगह बनाई थी।

### तैराक को 18 महीने का बैन, जुड़वां भाई टीम में

17 सान के तैराक के सैंपल में फरवरी में टरबुटालाइन पाया गया था। यह एंटी-डोपिंग नियमों के तहत प्रतिबंधित बीटा-2 एगोनिस्ट है। इसके बाद उसका नाम एशियन गेम्स की संभावित टीम से हटा दिया गया था।




### पहलवान दीपक के सैंपल में क्लोमीफीन

दिल्ली के 25 साल के ग्रीको रोमन पहलवान दीपक के सैंपल में क्लोमीफीन मिला है। यह पदार्थ 2026 की वर्ल्ड डोपिंग रोधी एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में स4 श्रेणी में शामिल है। नाड़ा के मुताबिक, उनका सैंपल 31 मई को लखनऊ में हुए एशियन गेम्स चयन ट्रायल के दौरान लिया गया था। 23 जुलाई को सैंपल में असामान्य निष्कर्ष सामने आया। इसके बाद जांच की गई और 17 अगस्त को दीपक का इंटरव्यू हुआ। दीपक के सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। हालांकि, अभी उन पर अस्थायी निलंबन नहीं लगाया गया है। उन्हें बी सैंपल की जांच कराने का अधिकार है। मामले की अंतिम जांच के बाद ही तय होगा कि उनके खिलाफ डोपिंग नियमों के तहत आगे क्या कार्रवाई होगी।

### डब्ल्यूएफआई ने टीम से नाम हटाया

भारतीय कुश्ती महासंघ ने दीपक का नाम एशियन गेम्स टीम से वापस ले लिया है। वह भारतीय डाक सेवा से एशियन गेम्स के लिए टीम में जगह बनाने वाले पहले पहलवान थे। डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी के मुताबिक, दीपक ने चयन ट्रायल में जीतकर कोचों को प्रभावित किया था। इससे पहले उन्होंने फेडरेशन कप में पदक जीता था।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मतदाता निभाएं अपनी जिम्मेदारी

## आवश्यक रूप से करें मतदान : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निकाय आम चुनाव - 2026 के मध्यनजर शुक्रवार 11 सितंबर को सवेरे 7 बजे से सायं 6 बजे तक द्वितीय चरण में चूरू जिले में नगरपरिषद सरदारशहर तथा नगरपालिका तारानगर, साहवा, रतनगढ़, राजलदेसर व बीदासर में वार्ड सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने नगर निकाय आम चुनाव- 2026 के मध्यनजर द्वितीय चरण मतदान हेतु संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे आवश्यक रूप से मतदान करें व लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक मतदाता का मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जागरूक और जिम्मेदार मतदाता ही सशक्त एवं मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला हैं। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया और रैंप, व्हीलचेयर आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में नगरपरिषद सरदारशहर के कुल 55 वार्डों के लिए 89 मतदान केन्द्रों एवं नगरपालिका तारानगर के कुल 35 वार्डों के लिए 36 मतदान केन्द्रों, साहवा के कुल 20 वार्डों के लिए 20 मतदान केन्द्रों, रतनगढ़ के कुल 45 वार्डों के लिए 63 मतदान केन्द्रों, राजलदेसर के कुल 35 वार्डों के लिए 35 मतदान केन्द्रों व बीदासर के कुल 35 वार्डों के लिए 37 मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने मतदाताओं से अपील की है कि सभी मतदाता मतदान दिवस पर निर्धारित समय पर अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचें, आवश्यक पहचान दस्तावेज साथ रखें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदान करें। वे बिना किसी प्रलोभन, दबाव या भेदभाव के अपने विवेक के अनुसार मतदान करें। इसी के साथ मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने परिवार, पड़ोसियों एवं परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें और जिले में लोकतांत्रिक सहभागिता का सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करें।

उन्होंने विशेष रूप से युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से पूरे उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करने का आग्रह किया है।

# मतदान दलों की रवानगी में अनुपस्थित रहने पर 9 कार्मिकों को नोटिस जारी

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल महला ने बताया कि निर्वाचन विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार नगर निकाय आम चुनाव-2026 के लिए 10 सितम्बर 2026 को मतदान दलों की रवानगी निर्धारित की गई थी। मतदान दलों की रवानगी के दौरान अनुपस्थित रहकर निर्वाचन संबंधी निर्देशों की अवहेलना करने एवं चुनाव कार्य के प्रति उदासीनता बरतने पर 9 कार्मिकों को नोटिस जारी कर 11 सितम्बर 2026 को व्यक्तिशः उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि वे स्पष्ट करें कि उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमए 1951 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही क्यों नहीं अमल में लाई जाए। अनुपस्थित कार्मिकों में जगदीश प्रसाद शर्मा शिक्षक-1, एमजीजीएस नांगल नाथूसर, शिवदयाल शा. शिक्षक शहीद मंगलचंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करड़का, शिवांश शर्मा कनिष्ठ सहायक सेठ रामप्रताप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुरारा खण्डेला, राजपाल सिंह स.प्र.अ. एमजीजीएस चला नीमकाथाना, रजनीश सिद्धार्थ प्र.स. राजकीय कन्या महाविद्यालय होद, छोटूराम व्याख्याता राउमावि पलासरा, गुरुप्रताप सिंह शा. शिक्षक शहीद सुभाषचंद्र राजकीय माध्यमिक विद्यालय भैरूपुरा लक्ष्मणगढ़, प्रमोद कुमार कुमावत बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक राउमावि दिशनाउ तथा महेश कुमार अध्यापक एमजीजीएस वार्ड नं 2 बलांरा को नोटिस जारी किया गया है।

# राजस्थान में फिर एक्टिव हुआ मानसून

# अगले 5 दिन भारी, 13-14 सितंबर को कई जिलों में मूसलाधार बारिश!



जयपुर

10 सितंबर की शाम तक राजस्थान में मानसून को लेकर राहत भरा अपडेट सामने आया है. मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में मानसून फिर सक्रिय हो सकता है. उत्तरी बंगाल की खाड़ी और आसपास के इलाके में 10 सितंबर को नया कम दबाव का क्षेत्र बन गया है. इसके असर से 11 सितंबर से पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना है.

### 11 सितंबर से फिर बदलेगा मौसम

11 सितंबर को भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. यानी अगले दिन से पूर्वी राजस्थान में मौसम का मिजाज फिर बदल सकता है. कई जगह बादल छाने और बारिश की गतिविधियां बढ़ने के आसार हैं. हालांकि, दिए गए मौसम अपडेट में 11 सितंबर के लिए किसी जिले में येलो, ऑरेंज या रेड अलर्ट जारी होने की जानकारी नहीं दी गई है.

### 12 से 16 सितंबर तक बढ़ेगा बारिश का दौर

मौसम विभाग के मुताबिक 12 से 16 सितंबर के बीच जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग के कुछ और हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ सकती हैं. इस दौरान मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है. आने वाले दिनों में पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में बारिश का असर ज्यादा देखने को मिल सकता है.

### 13-14 सितंबर को भारी बारिश के आसार

13 और 14 सितंबर को कोटा और उदयपुर संभाग के साथ आसपास के इलाकों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. इन दो दिनों में बारिश की गतिविधियां अपेक्षाकृत ज्यादा रहने की संभावना है. ऐसे में निचले इलाकों और जलभराव वाले स्थानों पर लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी. इस अपडेट में इन दिनों के लिए भी येलो, ऑरेंज या रेड अलर्ट की पुष्टि नहीं की गई है.

### पश्चिमी राजस्थान में भी होगी बारिश

पश्चिमी राजस्थान के मौसम की बात करें तो 13 से 15 सितंबर के बीच बीकानेर संभाग में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है. वहीं जोधपुर संभाग के जिलों में भी कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. यानी अगले कुछ दिनों में बारिश का असर केवल पूर्वी राजस्थान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पश्चिमी हिस्सों में भी कुछ जगहों पर मौसम बदलेगा.

### पश्चिमी विक्षोभ और आंधी का क्या असर?

10 सितंबर के इस मौसम अपडेट में पश्चिमी विक्षोभ, आंधी या गरज-चमक को लेकर अलग से कोई ताजा चेतावनी नहीं दी गई है. फिलहाल मौसम में बदलाव की मुख्य वजह उत्तरी बंगाल की खाड़ी और आसपास बना नया कम दबाव का क्षेत्र बताया गया है.

# चाकूबाजी मामला : पुलिस ने आरोपी को लंगड़ाते कदमों से बाजार में कराई पैदल परेड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आमेर थाना इलाके में स्थित ऐतिहासिक पर्यटन स्थल पर दो दिन पूर्व कार ले जाने और रास्ता पूछने की मामूली बात पर हुए जानलेवा चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी जीप चालक आजम का इलाके में खौफ खत्म करने और कानून का इकबाल बुलंद करने के लिए मुख्य बाजार में पैदल परेड निकाली। वारदात के बाद पुलिस की गिरफ्त में आया शातिर आरोपी आजम लंगड़ाते कदमों से उसी बाजार से गुजरा, जहाँ दो दिन पहले उसने दहशत फैलाई थी। पुलिस टीम की कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को आमेर के मुख्य मार्गों, संकरी गलियों और बाजार क्षेत्रों में घुमाया गया। इस दौरान बाजार में मौजूद व्यापारियों और राहगीरों ने पुलिस की इस त्वरित व सख्त कार्रवाई की सराहना की।



गौरतलब है कि दो दिन पूर्व आमेर महल के पास कार ले जाने और रास्ता पूछने जैसी मामूली सी कहासुनी को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान आरोपी आजम ने तैश में आकर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया था। घटना के बाद आमेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाकाबंदी की और आरोपी आजम को दबोच लिया था। आमेर थाना पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की पैदल परेड कराने का मुख्य उद्देश्य इलाके के असामाजिक तत्वों और अपराधियों में कानून का डर पैदा करना है। इसके साथ ही स्थानीय व्यापारियों, पर्यटकों और आम नागरिकों के मन से भय को दूर कर यह संदेश देना है कि पुलिस हर स्थिति में उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। पुलिस आरोपी से वारदात में प्रयुक्त हथियार और उसके अन्य संभावित साथियों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

# राम कथा सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

निसं



श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। शहर के पंचावाली फाटक के पास स्थित पंच दश नाम जूना अखाड़ा आश्रम के गणेश मंदिर पर गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में आयोजित चल रही संगीत में श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित संदीप कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा भगवान की बाल लीलाओं सहित विश्वामित्र की यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार और राम विवाह प्रसंग का बड़े ही रोचक और सुंदर वर्णन किया। जिसमें आचार्य ने कहा कि हमारे हृदय रूपी अयोध्या में भी मर्यादा पुरुषोत्तम राम मर्यादा के रूप में आचरण के द्वारा शिक्षा मिलती है कि माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। राम जानकी विवाह का उत्सव मनाया गया, जिसमें राम, लखन जानकी की सुंदर झांकी सजाई गई, आज मेरे राम की शादी है, दूल्हा बने रामजी आज मिथिला नगर में जैसे भजनों की धुन पर भक्तों ने नृत्य के द्वारा खूब आनंद लिया। आयोजन समिति के सदस्य के रूप मे बाबूलाल शर्मा, छाजू राम खेड़ी वाल, महावीर कुमावत, जटाशंकर व्यास, आत्माराम, रामगोपाल, दुर्गा सैन सहित कथा में उपस्थित सभी भक्तों ने खूब आनंद की वर्षा हुई। आयोजन समिति द्वारा महाराज का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

# नगर निगम चुनाव : 551 संवेदनशील बूथों पर पुलिस-आरएसी तैनात

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों के लिए शुक्रवार को दूसरे चरण में मतदान होगा। निष्पक्ष और पारदर्शी मतदान के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की है। मतदान के लिए 2250 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 551 बूथ संवेदनशील चिह्नित किए गए हैं। इन बूथों पर पुलिस के साथ आरएसी के जवान भी तैनात रहेंगे। एडिशनल कमिश्नर कानून-व्यवस्था डॉ राजीव पचार ने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर दो-दो कांस्टेबल तैनात किए जाएंगे। जिन बूथों पर मतदाताओं को प्रभावित करने या किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका है, उन्हें संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। मतदान के दौरान गड़बड़ी कर सकने वाले लोगों को पहले ही चिह्नित कर पाबंद कराया गया है और उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई भी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत हर 10 बूथ पर एक मोबाइल पार्टी तैनात रहेगी। वहीं प्रत्येक 10 वार्ड पर एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारी को सुपरवाइजरी अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा शहर में छह स्थानों पर क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की गई हैं, जो किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचेंगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत कसुम्बी अलीपुर
## पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक: 204 दिनांक:- 08-09-26

**ई-निविदा सूचना संख्या 101/2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कसुम्बी अलीपुर के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित सफाई संबंधित कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2627A0990
UBN-ZNR2627SSOB01231

प्रशासक, ग्राम पंचायत कसुम्बी अलीपुर, पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कसुम्बी अलीपुर, पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोडू
## पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)

क्रमांक: 218 दिनांक:- 08-09-26

**ई-निविदा सूचना संख्या 102/2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोडू के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नालियों की सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित सफाई संबंधित कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB-ZNR2627A0991
UBN-ZNR2627SSOB01232

प्रशासक, ग्राम पंचायत रोडू, पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रोडू, पं.स. लाडनूँ (डीडवाना-कुचामन)

# एक पेड़ मां के नाम और मतदान का दिया संदेश

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पर्यावरण संरक्षण और मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने गुरुवार को अपने परिवारजनों के साथ जिला कलेक्टर आवास पर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम और मतदान करने के संदेश की भावना के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने आवास परिसर में एकमुखी रुद्राक्ष, सफेद चंदन, लाल चंदन और संतरे के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य तैयार करने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी करें।



## कार्यालय ग्राम पंचायत रोडू
## पंचायत समिति लाडनूं

क्रमांक: 221 दिनांक : 08-09-26

**निविदा सूचना संख्या :- 105, 106/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूँ की अधीनस्थ ग्राम पंचायत रोडू में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायतीराज की योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये संवेदकों, विनिर्माताओं व आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम पंचायत स्तरीय ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाएं निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB- ZNR2627A0997, ZNR2627A0998 UBN- ZNR2627WSOB01238, ZNR2627WSOB01239

प्रशासक, ग्राम पंचायत रोडू
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रोडू

# जीवन के कल्याण के लिए भगवान की भक्ति और सत्संग जरूरी : दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** लोहाटी चौक स्थित अयोध्या धाम में चातुर्मास सत्संग समिति नोखा की ओर से 29 जुलाई से आयोजित श्री वाल्मीकि रामायण कथा के 44वें दिन गुरुवार को व्यास पीठ से परम पूज्य दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, सत्संग और भगवान के नाम का महत्व बताया। महाराजश्री ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आहार आवश्यक है, उसी प्रकार जीवन के कल्याण और आत्मिक उन्नति के लिए भगवान की भक्ति, भजन और सत्संग आवश्यक है। भगवान के जितने भी नाम हैं, वे सभी मनुष्य के कल्याणकारी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम, ध्यान और संकीर्तन से तन्मय होकर जुड़ने से जीवन सफल और कल्याणकारी बनता है।

### रावण को कुंभकरण ने भी बताया गलत रास्ते पर

कथा में युद्धकांड का प्रसंग आगे बढ़ाते हुए महाराजश्री ने कुंभकरण के जागने और रावण से संवाद का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बड़ी मुश्किल से कुंभकरण को नींद से जगाया गया। जागने के बाद कुंभकरण ने रावण को समझाते हुए कहा कि सीता हरण जैसा गलत कार्य करने के कारण रावण को उसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। मंदोदरी सहित अनेक लोगों ने रावण को समझाया, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। कुंभकरण ने रावण को यह भी कहा कि वह अपने चाटुकारों और केवल प्रशंसा करने वालों की बातों में आकर अंधा हो गया है। ऐसे लोगों को अपने आसपास से दूर कर देना चाहिए। हालांकि रावण ने उसकी बातों को स्वीकार करने के बजाय उसे युद्ध के लिए तैयार होने को कहा। इसके बाद कुंभकरण ने रावण को आश्वस्त किया कि वह उसके साथ है और युद्ध में राम सहित हनुमान, सुग्रीव और अन्य वानर योद्धाओं का सामना करेगा।

### युद्ध में कुंभकरण का हुआ अंत

महाराजश्री ने कुंभकरण के युद्ध प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि युद्ध के लिए जाते समय उसका बायां हाथ फड़कने लगा, जिसे अशुभ संकेत माना गया। युद्ध में कुंभकरण ने वानर सेना में भारी उत्पात मचाया। उसके प्रहार से बड़ी संख्या में वानर घायल हुए। हनुमानजी सहित कई वीरों के साथ भी उसका भीषण युद्ध हुआ। अंगद ने प्रहार कर उसे अचेत किया, वहीं कुंभकरण ने सुग्रीव को भी अचेत कर दिया। बाद में सुग्रीव ने कुंभकरण की नाक और कान काट दिए। अंततः भगवान श्रीराम ने कुंभकरण का वध कर उसका कल्याण किया। कुंभकरण के मारे जाने पर देवताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं जब रावण को अपने भाई की मृत्यु का समाचार मिला तो वह व्याकुल हो गया और उसने कहा कि मानो उसकी भुजा ही कट गई हो। इसके बाद रावण के चारों पुत्रों ने उसे सांत्वना देते हुए युद्ध में जाने की बात कही। समिति के इन्द्रचन्द मोदी ने बताया कि कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को लेकर गिरधारी पारीक, नारायण राठी, पवन चांडक सहित समिति के कार्यकर्ता व्यवस्थाओं पर नजर रख रहे हैं।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता,
## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड खण्डेला

कमांक:एफ( )निविदा/2026-27/1647-1652 दिनांक:- 02.09.2026

### ई-निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग में पंजिकृत डी एंव उच्च श्रेणी के संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रकिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 13.09.2026 को सांय 6:00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑन लाईन निविदाएं इसी वेबसाईट पर इच्छुक संवेदकों द्वारा 13.09.2026 को सायं 6:00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाईट पर तकनीकी बिड दिनांक 14-09-2026 को इस कार्यालय में दोपहर 1:00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्यदिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजीटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://www.Eproc.Rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | विवरण | निविदा की अनु. लागत ( रू. लाख ) | धरोहर राशि ( रूपये ) | निविदा शुल्क ( रूपये ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIB No | UBN No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25/2026-27 | Repairing of Handpumps at town khandela & various villages under jurisdiction of PHED Sub Division Khandela, Division Khandela. | 13.70 | 27400 | 6850 | 12 माह | PHE2627 A2435 | PHE2627 WSRC04907 |

DIPR/C/15595/2026

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांन्त्रिकी विभाग
खण्ड खण्डेला

# धूमधाम से मनाया बाबा भरतराम का अवतरण दिवस



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के वार्ड 11 में स्थित बाबा भरतराम जी के मंदिर में गुरुवार को बाबा भरतराम का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह कस्बे में गाजेबाजे के साथ बाबा भरतराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लोगों ने पुष्प वर्षा कर जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई। इसके बाद मंदिर के पुजारी पंडित प्रकाश मिश्र व दीपचंद मिश्र ने ज्योत जलाकर बाबा भरतराम की महाआरती की। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। श्रद्धालुओं ने बाबा भरतराम की धोक लगाकर सुख समृद्धि की कामना की। बाबा के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। इसके बाद भंडारे का आयोजन कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इससे पूर्व रात्रि को मंदिर परिसर में जागरण का आयोजन किया गया जिसमें जयपुर के गायक कलाकार सोमेश जैन व नरेश राणा ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। लोग देर रात्रि तक भजनों पर झूमते रहे। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष लिच्छिराम चाचाण, एडवोकेट रतन चाचाण, ईश्वर प्रसाद चाचाण, विमल निरंजन चाचाण, भंवरलाल दर्जी, अंजू चाचाण, राधेश्याम वर्मा, कैलाश चाचाण, रतन वर्मा, दिलीप चाचाण, राजू दर्जी, संजय चाचाण, श्यामसुंदर दर्जी, जगदीश वर्मा आदि अनेक लोग मौजूद थे।

# नि:शुल्क हाथ-पांव, कैलिपर्स के लिए पंजीयन है जारी




अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मानव सेवा संस्थान कोलकाता शाखा सुजानगढ़ व लॉयन्स इंटरनेशनल सुजानगढ़, महावीर सेवा सदन कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में 11 वां नि:शुल्क जयपुर फुट कैलीपर्स शिविर का आयोजन 15 सितम्बर को लुहारा गाड़ा स्थित मानव सेवा संस्थान में किया जायेगा। लॉयन्स क्लब के एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया ने बताया कि शिविर के लिए 1 सितम्बर से ही पंजीयन शुरू हो गया है। दूसरी ओर लॉयन कमल तापड़िया और उनकी टीम द्वारा लगातार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों को शिविर के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति इस शिविर का लाभ उठा सकें। तापड़िया ने क्षेत्र के जागरूक लोगों से अपील की है कि वो अपने क्षेत्र में इस प्रकार की जानकारी सम्बंधित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें, ताकि लाभान्वितों की संख्या बढ़ सके। शिविर में पंजीयन करवाने वाले लोगों को उनके नाप के मुताबिक जयपुर फुट कृत्रिम हाथ पांव व पोलियाग्रस्त को कैलिपर्स नि:शुल्क प्रदान किए जायेंगे। वितरण समारोह 15 सितम्बर को मान सेवा संस्थान में होगा।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से कुश शर्मा और राष्ट्रपति अवार्डी शुभम ने मानसरोवर के क्षेत्र, दुर्गापुरा महारानी फार्म और सिविल लाइन सहित कई बस्तियों में पहुंचकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। अभियान के दौरान लोगों से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। कुश शर्मा और शुभम ने स्थानीय लोगों से कहा कि एक-एक वोट लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने पात्र मतदाताओं से बिना किसी दबाव के अपने विवेक से मतदान करने का आह्वान किया। कुश शर्मा ने कहा नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र की जमीनी व्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे। मानसरोवर, सिविल लाइन सहित विभिन्न बस्तियों में जाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया किया। राष्ट्रपति अवार्डी शुभम ने भी लोगों से मतदान के दिन अपने घरों से निकलकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाने की अपील की।

# नि:शुल्क शल्य एवं मर्म चिकित्सा शिविर शुरू



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में 11वे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नि:शुल्क शल्य चिकित्सा एवं मर्म चिकित्सा शिविर शुरू हुआ। शिविर 9 से 21 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शल्य तंत्र विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ हेमन्त कुमार ने बताया कि शिविर में जरूरतमंद मरीजों को हर्निया, हाइड्रोसील, अपेंडिक्स, पित्ताशय की पथरी (गॉल ब्लैडर स्टोन), स्तन ग्रंथि सहित विभिन्न शल्य रोगों का आवश्यकतानुसार सामान्य एवं लैप्रोस्कोपिक पद्धति से नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही अस्थि-संधि संबंधी रोगों के लिए नि:शुल्क मर्म चिकित्सा की सुविधा भी दी जाएगी। भर्ती मरीजों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा तथा संस्थान की ओर से नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था भी रहेगी। शिविर चरक भवन ओपीडी नंबर 34 एवं सुश्रुत भवन ओपीडी नंबर 5 में आयोजित किया जा रहा है।

# मतदाताओं के हाथ में बीदासर की सत्ता की चाबी

## आज 35 वार्डों में होगा मतदान, 30,513 मतदाता करेंगे 111 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

निसं




**बीदासर ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव को लेकर बीदासर में चुनावी तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो गई है। 11 सितंबर को होने वाले मतदान के साथ ही 35 वार्डों में 111 प्रत्याशियों के बीच मुकाबले में 30,513 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के साथ ही सभी प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में बंद हो जाएगा। भाजपा, कांग्रेस और आरएलपी के अधिकृत प्रत्याशियों के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीयों के चुनाव मैदान में उतरने से इस बार मुकाबला कई वार्डों में बेहद रोचक हो गया है। 48 निर्दलीय प्रत्याशियों की मौजूदगी ने प्रमुख राजनीतिक दलों के सामने चुनौती खड़ी कर दी है। कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी सीधे तौर पर राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के वोट बैंक में सेंध लगाने की स्थिति में नजर आ रहे हैं। नगर पालिका के 35 वार्डों के लिए कुल 37 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वार्ड संख्या 1 और 25 में दो-दो मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। शाम 6 बजे मतदान केंद्र परिसर में मौजूद मतदाताओं को टोकन देकर मतदान करवाया जाएगा। चुनाव मैदान में भाजपा के 27, कांग्रेस के 28, आरएलपी के 8 और 48 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। कुल 111 उम्मीदवारों में 46 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। ऐसे में महिला प्रत्याशियों के प्रदर्शन पर भी राजनीतिक दलों और आमजन की नजर रहेगी।

### प्रशासन ने पूरी की मतदान की तैयारियां

मतदान से एक दिन पहले गुरुवार को ज्ञान ज्योति विद्यालय में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अम्मीलाल यादव ने मतदान दलों को ईवीएम और आवश्यक चुनाव सामग्री सौंपकर संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया। मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में मतदान करवाने के निर्देश दिए गए।

### दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर

चुनाव प्रचार के दौरान अलग-अलग वार्डों में प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंकी। कई प्रत्याशियों के समर्थन में स्थानीय राजनीतिक दिग्गजों ने भी जनसंपर्क किया। ऐसे में चुनाव परिणाम केवल प्रत्याशियों की जीत-हार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर कई नेताओं की राजनीतिक पकड़ और संगठन की ताकत का भी आकलन होगा। अब सभी की नजरें मतदान प्रतिशत और वार्डवार परिणाम पर टिकी हैं। खासकर उन वार्डों में परिणाम महत्वपूर्ण होंगे जहां निर्दलीय प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं। यहां निर्दलीयों की जीत या वोटों में सेंध प्रमुख दलों के बोर्ड बनाने के समीकरण को प्रभावित कर सकती है।

### 10 संवेदनशील बूथों पर विशेष सुरक्षा

प्रशासन ने बीदासर के 10 मतदान केंद्रों को संवेदनशील चिह्नित किया है। इन केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात रहेगा। संवेदनशील केंद्रों में वार्ड 1 का महात्मा गांधी विद्यालय भवन, वार्ड 4 का विवेकानंद स्कूल, वार्ड 7 का परशुराम ब्राह्मण समाज भवन, वार्ड 9 का अम्बेडकर छात्रावास, वार्ड 10 का माली समाज भवन, वार्ड 23 का सेठ दुलीचंद विद्यालय, वार्ड 24 का महेंद्र चोरड़िया स्टेडियम, वार्ड 27 का सार्वजनिक निर्माण विभाग भवन, वार्ड 31 का राठी भवन तथा वार्ड 33 का अम्बेडकर भवन शामिल हैं।

### पहचान पत्र साथ लेकर जाएं मतदाता

मतदान के लिए मतदाता वोटर कार्ड के अलावा चुनाव आयोग द्वारा मान्य 11 फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से किसी एक का उपयोग कर सकेंगे। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे मतदान केंद्र पर जाते समय अपना वैध फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज साथ लेकर जाएं।

# लक्ष्य तय कर नियमित अध्ययन करें विद्यार्थी, सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** नोखा मार्ग स्थित श्री सांवरलाल सुशीला देवी राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति, समय प्रबंधन और अध्ययन की प्रभावी तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य देवी प्रसाद वर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना, नियमित अध्ययन, अनुशासन, धैर्य और निरंतर प्रयास आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय कर योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। भूगोल के सहायक आचार्य अशोक कस्वां ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए समय प्रबंधन को सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन के साथ आत्मविश्वास और निरंतरता बनाए रखने का आह्वान किया। राजनीति विज्ञान की सहायक आचार्य ऋतु कुंवर ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करने तथा देश-दुनिया की समसामयिक घटनाओं से लगातार अपडेट रहने की सलाह दी। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए अध्ययन की समय-सारणी बनाने, विषयवार तैयारी करने और नियमित रूप से स्वयं का मूल्यांकन करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें बेहतर एवं सुनियोजित तैयारी के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया विमोचन




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत कल्याणपुरा में पंचायत भवन में रविवार 13 सितम्बर को प्रतिभा सम्मान समारोह एवम् विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जावेगा। आयोजन कर्ता कर्मयोगी टीम कल्याणपुरा एवम् समस्त ग्रामवासियों द्वारा इस तरह का आयोजन किये जाने के अवसर पर आयोजक टीम के सदस्य शीशराम तेतरवाल व मुकेश सामोता ने बताया कि इसके लिए न्यायालय परिसर श्रीमाधोपुर में गुरुवार को पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव, महासचिव धर्मेन्द्र सामोता, अधिवक्ता नन्दकिशोर यादव, प्रकाश बाजिया, अनिल यादव, राजेंद्र शर्मा, दीपक बाजिया, धूडसिंह रोहलाणियां, राजेन्द्र जाखड़, राम प्रतापसिंह धींवा, जालिमसिंह, सुदेश सामोता, दिलीप मंगावा, आदित्यप्रताप सिंह नरूका, शिशुपाल नारनोलिया, कुमार गौरव खैरवा, रामजी लाल दूधवाल, गिरधारी माण्डिया, हनुमान सामोता सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर रक्तदान कर मानवजीवन को बचाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करने आह्वान किया।

# नगर निगम उदयपुर भूखंड घोटाले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम उदयपुर के बहुचर्चित करोड़ों रुपए के भूखंड घोटाले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से वांछित मुख्य आरोपी विपिन कोठारी को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 15 सितंबर 2026 तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस आरोपी से फर्जी दस्तावेज तैयार करने, लीज डीड जारी करवाने और भूखंडों को आगे बेचने के संबंध में पूछताछ कर रही है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि नगर विकास प्रन्यास उदयपुर की ओर से वर्ष 2004 में हस्तांतरित किए गए भूखंडों में से कुछ खाली और निरस्त पड़े भूखंडों को इस घोटाले का निशाना बनाया गया। इन भूखंडों से संबंधित कूटरचित दस्तावेज तैयार किए गए। जांच के अनुसार आरोपी विपिन कोठारी ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची और नगर निगम उदयपुर के अधिकारियों-कर्मचारियों से कथित साठगांठ कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इन भूखंडों की लीज डीड जारी करवा ली। एसओजी के मुताबिक लीज डीड जारी करवाने के बाद आरोपी ने अपने नाम मुख्तियारनामा आम (पावर ऑफ अटॉर्नी) निष्पादित करवाया। इसके बाद इन भूखंडों को अन्य लोगों को बेच दिया गया। इस तरह फर्जी दस्तावेजों के जरिए भूखंडों पर कब्जा कर उन्हें आगे हस्तांतरित करने का खेल किया गया। इस मामले में पुलिस थाना सूरजपोल में मामला दर्ज किया गया था। जांच में विपिन कोठारी के साथ विक्रम कुमार ताकड़िया, नितेश कोठारी, हेमलता कांकरिया, राकेश सोलंकी उर्फ बुक्का, निर्मल टेलर उर्फ गोपाल, भागीरथ गायरी, दीपक कुमावत, दीपक सिंह चौहान और राजदीप सिंह की संलिप्तता सामने आई है। एसओजी अब मामले में शामिल अन्य कर्मचारियों और संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है। साथ ही घोटाले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और उनके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी विपिन कोठारी से पूरे षड्यंत्र, फर्जी दस्तावेज तैयार करने में शामिल लोगों और भूखंडों के लेनदेन से जुड़े तथ्यों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। एसओजी के एसपी कुंदन कांवरिया ने बताया कि भूखंडों के फर्जी दस्तावेज तैयार करवाने, लीज डीड जारी करवाने और उन्हें आगे बेचने के इस मामले में विपिन कोठारी समेत अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# आज से होगी 65वीं श्रीराम कथा

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** खाचरियावास में 108 संकल्प कथा यात्रा के तहत 65वीं श्रीराम कथा का आयोजन 11 से 19 सितंबर तक किया जाएगा। कथा में पारसमणि महाराज श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को सुबह 8 बजे शिव मंदिर से निकाली जाने वाली भव्य कलश यात्रा से होगी। इसके बाद प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा में शिव विवाह, राम जन्म, राम विवाह, राज्याभिषेक व राजतिलक सहित भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

# ट्विनिंग ऑफ स्कूल कार्यक्रम अन्तर्गत किया भ्रमण




निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** शिक्षा में नवाचार को बढ़ाने तथा शिक्षक और सीखने की प्रक्रिया को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परसरामपुरा के 30 सदस्यों के दल ने सैनिक स्कूल दौरासर का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य पुष्पा शेखावत एवं पीएम श्री प्रभारी जितेन्द्र कुमार पंवार ने बताया कि दोनों स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने आपस में नई शिक्षण पद्धतियों, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं आपसी अनुभवों को साझा किया। छात्र-छात्राओं ने स्मार्ट क्लासरूम, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं खेल मैदान से संबंधित विविध कौशलों को जाना, सैनिक स्कूल प्राचार्य कर्नल विक्रांत सिंह साम्बयाल एवं शिक्षक यशवीर सिंह ने सैनिक स्कूल की गतिविधियों एवं उद्देश्यों को विस्तार से बताया। इस दौरान उप प्राचार्य कैलाश चन्द सैनी, राजकुमार, ओमप्रकाश, भवानी सिंह, सुमन, सुभाष तथा दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों ने आपस में अपने विचारों एवं अनुभव को साझा किया।

# पद्मश्री सेठिया का 107 वीं जयंती समारोह आज



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के तत्वावधान में महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की 107 वीं जन्म जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि राजकीय भींवसरिया उच्च बालिका विद्यालय में आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि कथक दर्शन चैरिटेबल ट्रस्ट बड़ोदरा गुजरात के निदेशक और प्रसिद्ध कथक नृत्याचार्य डॉ जगदीश गंगानी होंगे। स्वागताध्यक्ष प्रधानाचार्य शीतल मिश्रा होंगी। इस समारोह में महाकवि कन्हैयालाल सेठिया के साहित्यिक अवदान पर चर्चा होगी।

# विधायक गुर्जर ने किया नवनिर्मित कमरे व बरामदे का उद्घाटन

## 17.5 लाख के ट्यूबवेल की दी सौगात

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** नालपुर स्थित खेड़ा वाला बाबा धाम (बिस्सा नालपुर) परिसर में नवनिर्मित कमरे एवं बरामदे का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर रहे। समारोह के दौरान विधायक धर्मपाल गुर्जर ने शिलालेख का अनावरण कर हैदराबाद प्रवासी भामाशाह पुरुषोत्तम मनीराम अग्रवाल द्वारा अपने पूज्य माता-पिता स्व. रामकुमार एवं स्व. नर्मदा देवी की पावन स्मृति में करवाए गए कमरे व बरामदे के निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक ने भामाशाह परिवार के इस अनुकरणीय योगदान की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद व सम्मान किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विश्वेंद्र नालपुरिया ने बताया कि भामाशाह द्वारा धाम परिसर में कमरे एवं बरामदे का निर्माण करवाया गया है। इस दौरान विधायक धर्मपाल गुर्जर ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि नालपुर में वर्तमान में 11 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही ग्रामवासियों की मांग पर विधायक ने गांव में 17.50 लाख रुपए की लागत से थ्री-फेस ट्यूबवेल लगाने की घोषणा की। विधायक की प्रेरणा से भामाशाह ने भी स्कूल परिसर के अंदर 25 गुणा 25 फीट का नया स्टेज (मंच) बनवाने की घोषणा की।

कार्यक्रम के दौरान दुलीचंद रोजरिया, बलवीर कटेवा, रणवीर मास्टर, रामस्वरूप मास्टर, सत्यनारायण शर्मा, देशराम काजला, महेश कुमावत, मीरसिंह भगत, सुनील पुजारी, अजीत गहलोत, कमल रोजरिया, बसंता जोगी, मनोज जोगी एवं बुधराम रोजरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190